दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



जारी है रेड-2 का जलवा....



ब्लू स्टोन से सजे गाउन......

वर्ष : 11 | अंक : 159 | लखनऊ, 27 मई, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# जो सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना तय है : पीएम मोदी

## सुख चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही...

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दाहोद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब कोई हमारी बहनो के सिन्दूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपनों में भी नहीं सोचा होगा मोदी से मुकाबला कितना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने जो किया, उसके बाद क्या भारत चुप बैठ सकता था? क्या मोदी चुप बैठ सकते थे? जब कोई हमारी बहनों और माताओं के माथे से सिंदूर मिटाता है, तो उसका मिटाना भी पक्का हो जाता है।

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ.सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह भारतीयों के मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवाद फैलाने वालों ने शायद कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से दुश्मनी कितनी कठिन हो सकती है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने कहा कि मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने कहा कि भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाजन के बाद, नवगठित देश का एक ही लक्ष्य था - भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना। लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है - आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना है। वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है जब हमारी सशस्त्र सेनाएँ मजबूत हों - और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। और हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।

आतंकवाद को उद्योग मानने के लिए पाकिस्तान की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के भुज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लामाबाद आतंकवाद को पर्यटन की तरह मानता है। पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कोई भी भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे उसकी ही भाषा में जवाब दिया जाएगा। मोदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सुख चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही...। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान के लोगों को अपने देश को आतंकवाद से मुक्त कराने के लिए आगे आना होगा। उनके युवाओं को आगे आना होगा। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत की दिशा एकदम स्पष्ट है... भारत ने विकास का पथ चुना है, शांति और समृद्धि का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नागरिकों और खासकर वहां के बच्चे... ये मोदी की बात कान खोलकर लो... ये आपकी सरकार और आपकी सेना आतंकवाद को समर्थन दे रही है। आतंकवाद पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए पैसा कमाने का जरिया बन गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के युवकों को तय करना होगा, बच्चों को तय करना होगा... क्या ये रास्ता उनके लिए ठीक है, क्या उनका भला हो रहा है। ये आपके भविष्य को नष्ट कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकी बीमारी से मुक्त करने के लिए पाकिस्तान के आवाम को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि भारत टूरिज्म पर विश्वास करता है, टूरिज्म लोगों को जोड़ता है। लेकिन पाकिस्तान जैसा देश भी है, जो टेररिज्म को ही टूरिज्म मानता है और ये दुनिया के लिए बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारी नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने इस नीति को और स्पष्ट कर दिया है। जो भी भारतीयों का खून बहाने की कोशिश करेगा, उसको उसकी भाषा में ही जवाब दिया जाएगा।

## Global Outreach अभियान के जरिये दुनियाभर में भारत खोल रहा है पाकिस्तानी आतंकवाद की कलई



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर में घूम घूम कर पाकिस्तान का असली चेहरा दुनिया को बता रहे हैं और सभी को यह समझा पाने में सफल हो रहे हैं कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है इसीलिए पाकिस्तान को अलग-थलग करने की जरूरत है। सातों संसदीय प्रतिनिधिमंडल इस समय कौन से देश की यात्रा पर हैं और उनकी किन महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात हुई, इसके बारे में आपको विस्तार से जानकारी देते हैं और सबसे पहले चर्चा करते हैं कतर में मौजूद भारतीय प्रतिनिधिमंडल की। हम आपको बता दें कि राकांपा-एसपी की नेता सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज कतर के एक कनिष्ठ मंत्री को पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर पर नयी दिल्ली के रुख तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को लेकर राष्ट्रीय आम सहमति से अवगत कराया। कतर स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेश राज्य मंत्री महामहिम डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज बिन सालेह अल खुलैफी से मुलाकात की और पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर तथा आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं की नीति को लेकर भारत की राष्ट्रीय आम सहमति और भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

### 1.10 करोड़ रु मूल्य की चरस जब्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के तीन प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है और लगभग 1.10 करोड़ रुपये मूल्य की 2,124 ग्राम चरस जब्त की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी हिमाचल प्रदेश से दिल्ली-एनसीआर में चरस की तस्करी करते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह हिमाचल प्रदेश के कसोल से मादक पदार्थ मंगवाता था। इसने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी दो अलग-अलग अभियानों में की गई। इसने बताया कि पहली गिरफ्तारी आठ जनवरी को तब हुई थी जब एक गुप्त सूचना के बाद उत्तर प्रदेश के नसीब (25) और पंजाब के संदीप (40) को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से कुल 1,438 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद हिमाचल प्रदेश के कुल्लू से इंदर सिंह उर्फ इंद्रू को गिरफ्तार किया गया। इसने बताया कि बाद में घर की तलाशी के दौरान 696 ग्राम चरस जब्त की गई। डीसीपी (अपराध शाखा) अपूर्व गुप्ता ने बताया, नसीब मादक पदार्थों की खेती का काम संभालता था, संदीप वाहन का इंतजाम करता था और इंदर सिंह मुख्य आपूर्तिकर्ता था।

## माताओं-बहनों के माथे का सिंदूर सस्ता नहीं : अमित शाह

● ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत सशस्त्र बलों, लोगों और सीमाओं पर समझौता नहीं करेगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सार्वजनिक रैली में एक शक्तिशाली भाषण दिया, जहाँ उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति देश के दृढ़ दृष्टिकोण को रेखांकित किया, विशेष रूप से हाल की आतंकवादी गतिविधियों के जवाब में। शाह के भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साहसिक सैन्य कार्रवाइयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि सशस्त्र बलों, नागरिकों और सीमाओं के मामले में कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। शाह ने घोषणा की ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया है। जो कोई भी भारतीय सेना, उसके लोगों या उसकी सीमाओं को धमकाता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के जवाब में भारत द्वारा किए गए जवाबी उपायों की एक श्रृंखला का विवरण दिया, विशेष रूप से उन महत्वपूर्ण अभियानों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने हाल के वर्षों में देश की रक्षा रणनीति को नया रूप दिया है।

अमित शाह ने भारत में आतंकी हमलों के कुछ सबसे उल्लेखनीय जवाबों को याद किया। उन्होंने कहा, ₹उन्होंने उरी में हम पर हमला किया और हमने सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। उन्होंने पुलवामा में हम पर हमला किया और हमने हवाई हमला किया। और फिर, जब आतंकवादियों ने पहलगाम को निशाना बनाया, तो हमने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसने उनके आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने मोदी सरकार के तहत भारत की रक्षा नीति में बदलाव को रेखांकित किया। शाह ने जम्मू-कश्मीर में निर्दोष नागरिकों पर हाल ही में हुए जघन्य हमले का भी उल्लेख किया, जिसे कथित तौर पर पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था, जहां आतंकवादियों ने लोगों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मार डाला। शाह ने दोहराया, ₹प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि चाहे वे कहीं भी छिपे हों, हम उन्हें ढूंढ़ लेंगे और खत्म कर देंगे। गृह मंत्री ने आगे कहा कि पिछली सरकारों के तहत, आतंकी हमलों का अक्सर कोई जवाब नहीं दिया जाता था या उन्हें कमजोर प्रतिक्रिया मिलती थी। उन्होंने हाल के वर्षों में देश की मजबूत हुई रक्षा स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि निष्क्रियता के दिन समाप्त हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी रणनीति बदल दी है और अब वह किसी भी खतरे का निर्णायक तरीके से जवाब देता है।

**संक्षिप्त समाचार**

## जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में दायर आरटीआई अर्जी खारिज

### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की गई थी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत दायर एक आवेदन को अस्वीकार कर दिया है, जिसमें न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी की खोज से संबंधित आंतरिक जांच रिपोर्ट तक पहुंच की मांग की गई थी। अमृतपाल सिंह खालसा द्वारा प्रस्तुत आरटीआई आवेदन में आंतरिक जांच समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को उक्त रिपोर्ट को अग्रेषित करने के लिए लिखे गए पत्र की एक प्रति मांगी गई थी। इस आवेदन को सुप्रीम कोर्ट के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने 9 मई को खारिज कर दिया था। भारत के सर्वोच्च न्यायालय बनाम सुभाष चंद्र अग्रवाल मामले में स्थापित कानूनी सिद्धांतों का हवाला देते हुए, सीपीआईओ ने कहा कि मांगी गई जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता। आरटीआई सेल ने इनकार को उचित ठहराने के लिए आरटीआई अधिनियम की प्रासंगिक धारा 8(1)(ई) और 11(1) का भी हवाला दिया। धारा 8(1)(ई) प्रत्ययी क्षमता में रखी गई सूचना के प्रकटीकरण पर रोक लगाती है, जब तक कि यह व्यापक सार्वजनिक हित में न हो। धारा 11 तीसरे पक्ष से संबंधित सूचना को प्रकटीकरण से छूट देती है। 21 मई को लिखित प्रतिक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के अतिरिक्त रजिस्ट्रार और सीपीआईओ ने दोहराया कि सूचना प्रदान नहीं की जा सकती।

## भारत के सबसे वांछित माओवादी बसवराजू का अंत

### अब 'माओवाद मुक्त भारत 2026' के लक्ष्य पर निगाहें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, हाल के इतिहास में माओवादी विद्रोह के खिलाफ सबसे निर्णायक हमलों में से एक में, सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के घने अबूझमाड़ के जंगलों में एक बड़ी कार्रवाई के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव और सुप्रीम कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराया है। बसवराजू, जिस पर 1.5 करोड़ रुपये से अधिक का इनाम था, भारत के सबसे वांछित भगोड़ों में से एक था। उसे भारतीय सुरक्षा बलों पर हुए कई सबसे घातक हमलों के पीछे वैचारिक प्रेरक और प्रमुख रणनीतिकार माना जाता था। उसकी मौत को दशकों से चले आ रहे माओवादी चरमपंथ के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक सफलता और एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह बड़ी सफलता एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन का नतीजा थी, जिसके कारण नारायणपुर में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में बसवराजू के साथ-साथ कई अन्य माओवादी भी मारे गए हैं, जिससे संगठन के नेतृत्व को एक बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस ऑपरेशन की सफलता की पुष्टि करते हुए इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। बसवराजू की मौत से माओवादी आंदोलन के कमजोर पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि वह संगठन के सैन्य और वैचारिक दोनों पहलुओं में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता था।

**एक विद्रोही कमांडर का उदय**

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के जियान्नापेटा गांव से आने वाले बसवराजू का जन्म 1955 में एक साधारण परिवार में हुआ था। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे। अपने पैतृक गांव और पास के तालागाम (तेक्काली राजस्व ब्लॉक में उनके दादा का गांव) में प्रारंभिक स्कूली शिक्षा के बाद, वे वारंगल में क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज (अब एनआईटी) में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने चले गए। कॉलेज के वर्षों के दौरान ही वह कट्टरपंथी राजनीति में आ गए, पहले कट्टरपंथी छात्र संघ और बाद में सीपीआई (एमएल) पीपुल्स वार के माध्यम से। उन्होंने 1984 में अपनी एम.टेक की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और माओवादी आंदोलन के प्रति पूरी तरह से समर्पित हो गए - एक ऐसा निर्णय जिसने उन्हें अपने परिवार और पूर्व जीवन से सभी संबंध तोड़ने के लिए प्रेरित किया।

## ममता ने विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को सोमवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह संकट के समय में खड़े रहने वाले दिग्गज थे। बनर्जी ने बताया कि उनकी सरकार ने कवि के नाम पर अंडाल में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नाम रखा है और उनकी याद में एक विश्वविद्यालय भी स्थापित किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को उनकी जयंती पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। बनर्जी ने कहा, हमने कवि की याद में उनके नाम पर उनके जन्मस्थान के पास आसनसोल में काजी नजरुल विश्वविद्यालय का नाम रखा और उस क्षेत्र में हमने अंडाल में अपने ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नाम भी काजी नजरुल इस्लाम हवाई अड्डा रखा है। राज्य सरकार ने बांग्ला साहित्य में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए कोलकाता के पूर्व में स्थित न्यू टाउन में एक सांस्कृतिक केंद्र नजरुल तीर्थ और पश्चिम बंगाल काजी नजरुल इस्लाम अकादमी को कवि को समर्पित किया है।

## पाकिस्तान जासूसी मामले में हिसार कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।हरियाणा के हिसार की एक स्थानीय अदालत ने यह आदेश दिया। 33 वर्षीय कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को जासूसी के संदेह में गिरफ्तार किया गया था और वह अब तक हिसार पुलिस की हिरासत में थी। पिछले दो हफ्तों में जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित राज्यों से गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में मल्होत्रा भी शामिल हैं। जांच अधिकारियों को उत्तर भारत में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के सक्रिय होने का संदेह है। जांचकताओं का मानना है कि मल्होत्रा आईएसआई के सीधे संपर्क में थी और उसे पाकिस्तानी गृह मंत्रालय से विशेष सुरक्षा मंजूरी और विशेषाधिकार प्राप्त थे। उस यात्रा के एक वायरल वीडियो में उसे सशस्त्र गार्डों द्वारा ले जाते हुए दिखाया गया था, जिससे उसके संबंधों के बारे में और सवाल उठते हैं। हिसार पुलिस ने कहा कि वे अभी भी उसके द्वारा कथित रूप से प्राप्त विदेशी धन के स्रोत की पुष्टि कर रहे हैं। हालांकि वे इस चरण में पुलिस रिमांड की मांग नहीं कर रहे हैं, लेकिन बरामद डिजिटल साक्ष्य की गहराई से जांच की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि उसकी समय पर गिरफ्तारी से संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा संकट टल सकता है।

## मौसम ने ली करवट! परेशान हुए महाराष्ट्र के लोग

### बड़े पैमाने पर जल भराव हुआ, राज्य में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई, महाराष्ट्र आईएमडी मौसम अपडेटः भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार को अगले पांच दिनों के लिए पुणे और सतारा सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में ह्लअत्यधिक भारी से बहुत भारीह्व बारिश का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के साथ-साथ सतारा और पुणे जिलों और कोल्हापुर जिले सहित उनके घाट (पहाड़ी) क्षेत्रों के लिए ह्यऑरेंज अलर्टह्व (जिसका अर्थ है ह्लराहत कार्रवाई के लिए तैयार रहेंह्व) जारी किया है। महाराष्ट्र के रायगढ़ के लिए ह्यऑरेंज अलर्टह्व केवल 25 और 26 मई के लिए वैध है। बारिश के कारण बड़े पैमाने पर जलभराव हुआ और परिवहन तथा उड़ान संचालन बाधित हुआ, जिससे 250 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुईं। कुर्ला, सायन, दादर और परेल सहित कई निचले इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए, जहां सुबह-सुबह बाढ़ से भरी सड़कों से वाहन गुजरते हुए दिखाई दिए। शहर में भारी बारिश के कारण तीनों प्रमुख लाइनों- सेंट्रल, वेस्टर्न और हार्बर पर लोकल ट्रेन सेवाएं निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं।

### बारिश प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति की समीक्षा

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे जिले और अन्य बारिश प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति की समीक्षा की, आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ तैयारियों और प्रतिक्रिया प्रयासों का आकलन करने के लिए चर्चा की। उन्होंने प्रशासन को समय पर और प्रभावी उपाय करने का निर्देश दिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारी बारिश के कारण जन जीवन अप्रभावित रहे और जान-माल का कोई नुकसान न हो। शिंदे ने पूरे आपदा प्रतिक्रिया तंत्र को हाई अलर्ट पर रहने और आवश्यकतानुसार राहत और बचाव कार्यों को तेजी से शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित सड़कों, पुलों और बिजली लाइनों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इससे पहले, आईएमडी ने सोमवार सुबह मुंबई के लिए चेतावनी जारी की, जिसमें कहा गया कि अगले 3 से 4 घंटों में शहर में अलग-अलग स्थानों पर बिजली, तेज बारिश और 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

# पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई लोग घायल, दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज....

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।नगराम थाना क्षेत्र के दोरिया गांव में रविवार रात पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से नगराम थाने में तहरीर दी गई है, पुलिस ने क्रास एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पक्ष के नंदलाल पुत्र रामलाल निवासी ग्राम दोरिया ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार रात करीब 8 बजे विपक्षी राजू, सुरेन्द्र पुत्रगण मुन्नीलाल, मुन्नीलाल व गोकर्ण पुत्रगण जगोधर और गोविंद ने एक राय होकर उनके घर पर हमला कर दिया हमले में नंदलाल और उसका भाई रामबली गंभीर रूप से घायल हो गए रामबली के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया वहीं, दूसरे पक्ष के सुनेन्द्र कुमार पुत्र मुननीलाल निवासी डोरिया ने भी तहरीर देकर बताया कि उसी रात उसका बेटा आनन्द दुकान से सामान लेने गया था, तभी गांव के ही नदऊ, रामबली, बेचू, महादेव, गनगण, संतोष और प्रेम ने आनन्द पर हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे सुनेन्द्र, राजू और मुननीलाल पर भी हमला किया गया।इस बीच गुड़िया पुत्री मुननीलाल को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उसे भी पीटा गया दोनों पक्षों का आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान लेकर क्रास मुकदमा दर्ज किया है। थाना नगराम प्रभारी निरीक्षक के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सरोजनीनगर में आयोजित हुआ पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन

## अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर सरोजनीनगर में आयोजित हुआ कार्यक्रम, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. समीर सिंह और जिलाध्यक्ष विजय मौर्या रहे मौजूद

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत सरोजनीनगर प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरोजनीनगर भाजपा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य अहिल्याबाई होलकर जी के सेवा, न्याय और सशक्तिकरण के सिद्धांतों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समाज तक पहुँचाना रहा। सरोजनीनगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बिजनौर रोड गौरी स्थित डीवीएसआर गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. समीर कुमार सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या मौजूद थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. समीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है, सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी बदल रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर अयोध्या तक की छवि बदल चुकी है, भगवान विश्वनाथ तंग गलियों से बाहर निकल चुके। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए डॉ. समीर सिंह ने कहा कि किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि भारत इस तरह पाकिस्तान के एयरबेस तबाह कर आतंकवाद की फैक्ट्री पर चोट पहुंचेगा। आज दुनिया बदलते भारत से परिचित हो चुकी है।

डॉ. समीर सिंह ने आगे जोड़ा कि भारत के विकास में मातृशक्ति का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने धर्म, संस्कृति और न्याय की स्थापना के लिए जो कार्य किए वो सभी के लिए अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक भुवनेंद्र सिंह 'मुन्ना', महानगर विधानसभा प्रभारी उमेश तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता रमाशंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह 'राजू', गंगाराम भारती, नगर मंत्री एवं महिला मोर्चा प्रभारी रश्मि सिंह, जिला मंत्री रेनू सिंह, पार्षद के.एन. सिंह, पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, के.के. श्रीवास्तव, मोहित तिवारी, विवेक राजपूत, शिवशंकर विश्वकर्मा, महिला मोर्चा कार्यकर्ता पूजा सिंह, मधु चौरसिया, माधवी देवी, नीता दीक्षित, साधना गुप्ता, प्रियंका सिंह, अर्चना सिंह एवं रागिनी कटारिया, गीता देवी (पार्षद), शिविता गोयल, सुभाष पासी, शिव कुमार सिंह 'चच्चू', व पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता भी मौजूद रहे।

# छह साल बाद भी नहीं मिला प्लाट, पीड़ित खरीदार ने लगाई न्याय की गुहार.......

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में स्थित ट्रस्टस इन्फ्रालैंड डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से आवासीय प्लाट खरीदने वाले एक व्यक्ति को छह वर्षों बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिल पाया है पीड़ित प्रशांत कुमार जो सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल में कार्यरत हैं, ने कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने बीते 9 मई 2018 को ट्रस्टस इन्फ्रालैंड डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से एक आवासीय प्लाट खरीदा था। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कंपनी द्वारा न तो प्लाट का कब्जा दिया गया और न ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई ।जब इस संबंध में कंपनी के मालिक श्री अनिल कुमार सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने पहले प्लाट से संबंधित दस्तावेज वापस लेकर वर्तमान बाजार दर के अनुसार राशि लौटाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में दिनांक 09 जुलाई 2024 और 29 जुलाई 2024 को पीड़ित के खाते में क्रमशः 50-50 हजार रुपये भेजे गए। शेष राशि अगस्त माह में रजिस्ट्री के बाद देने की बात कही गई। लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी न तो रजिस्ट्री कराई गई और न ही बाकी रकम लौटाई गई ।प्रशांत कुमार ने बताया कि उन्हें अपनी पत्नी के इलाज के लिए धन की आवश्यकता है, लेकिन लगातार टालमटोल और आर्थिक नुकसान की वजह से वे मानसिक रूप से परेशान हैं उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

# किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तहसील में अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकताओं ने सोमवार को सरोजनी नगर तहसील में कई मांगों को लेकर धरना दिया। संगठन के तहसील अध्यक्ष बद्री प्रसाद रावत के नेतृत्व में आयोजित धरने के दौरान संगठन कार्यकताओं ने कहा कि सरसवां स्थित चकमार्ग संख्या 761 व 739 की पैमाइश के लिए 19 अक्टूबर 2024 को जोन अध्यक्ष विनोद कुमार द्वारा पत्र दिया गया था। तब 20 दिसंबर को पैमाइश हुई।लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल ने 17 मई को गलत रिपोर्ट लगा दी। जिसकी वजह से अभी भी चकमार्ग पर अवैध कब्जा जारी है।उन्होंने कहा कि सरसवां में पुलिस मुख्यालय के सामने गोमती नदी तट पर लाखों रुपए कीमत के बने सरकारी शमशान घाट के चकमार्ग पर बिल्डरों का कब्जा है। शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अहमामऊ में ग्राम प्रधान व सरोजनी नगर एसडीएम और अंसल कंपनी के बीच 3 अगस्त 2011 को श्मशान घाट व धोबी घाट आदि को लेकर लिखित समझौता हुआ था।दिसंबर 2023 को इसी समस्या को लेकर 25 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना सुशांत गोल्फ सिटी पर दिया गया। लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ।उन्होंने अंसल प्रभावित सभी गांवों में श्मशान घाट और सामुदायिक मिलन केंद्र / शादी घर बनवाने की मांग की।उन्होंने कहा कि तहसील सरोजनीनगर के जिन किसानों की भूमि अब तक संक्रमणीय नहीं हुई है, उसे संक्रमणीय में दर्ज किया जाए। फिलहाल काफी देर तक चल धरने के बाद एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव ने वार्ता की तो यूनियन कार्यकताओं ने एसडीएम को संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिस पर तहसीलदार ने उनकी समस्याओं पर टीम बनाकर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। लेकिन कार्यकर्ता लिखित आश्वासन की मांग पर अड़ गए और मुख्यमंत्री आवास के लिए निकल पड़े। वह बिजनौर तक पहुंचे थे, तभी तहसील पहुँचे एसडीएम को जानकारी हुई और उन्होंने उन्हें वापस तहसील कार्यालय बुलाया। जहाँ काफी देर तक चली वार्ता के बाद एसडीएम ने जल्द समस्या समाधान का लिखित आश्वासन देकर शाम करीब 6:30 बजे मामला शान्त करा दिया।

# उपनयन संस्कार में बधाई देने पहुचे भाजपा के कई कद्दावर नेता

## एडवोकेट अनूप बाजपेई के भतीजों के मुंडन संस्कार में दिग्गजों ने दी बधाई

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। वरिष्ठ भाजपा नेता और एडवोकेट अनूप बाजपेई के पारिवारिक मुंडन कार्यक्रम में रविवार को राजधानी लखनऊ में भाजपा के कई कद्दावर नेताओं, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, राजनेताओं और अधिकारियों सहित सामाजिक कार्यकताओं का देर रात तक जमावड़ा लगा रहा। डडाहिया बाजार अलीगंज स्थित श्रीराम मैरिज हॉल में आयोजित इस प्रीतिभोज में पूर्व उपमुख्यमंत्री,राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा,कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह,मेयर सुषमा खर्कवाल,भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अभिजात मिश्र सहित प्रदेश के कई बड़े नेताओं ने शिरकत की और बाजपेई के भतीजों, चिरंजीव वेद और आराध्य को आशीर्वाद दिया।

यह आयोजन एडवोकेट अनूप बाजपेई के भतीजों, वेद और आराध्य, के मुंडन संस्कार के उपरांत प्रीतिभोज के रूप में किया गया था। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो अनूप बाजपेई के सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव को दर्शाता है। देर रात तक मेहमानों का तांता लगा रहा, जिससे यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मिलन समारोह में तब्दील हो गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने अनूप बाजपेई और उनके परिवार को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता भी मौजूद रहे, जो बाजपेई के कानूनी पेशे में उनके सम्मानजनक स्थान को दर्शाता है। राजनेता, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी इस अवसर पर उपस्थित रहे, जो यह बताता है कि अनूप बाजपेई का विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक संपर्क और सम्मान है। यह कार्यक्रम भाजपा के भीतर और बाहर अनूप बाजपेई के मजबूत संबंधों और सम्मान का एक प्रमाण है, जहाँ पार्टी के शीर्ष नेताओं से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली व्यक्ति एक साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एकत्र हुए।

# पूल पार्टी में नन्हे-मुन्नों ने रेन डांस का लिया आनंद



**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने समर कैंप में आज पूल पार्टी की। फव्वारे बच्चे में नहाए झूमे और रेन भी डांस किया। बच्चों ने मैंगो माजा का मजा भी लिया। स्कूल में 23 मई से समर कैंप चल रहा है। नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए समर कैंप का आज आखिरी दिन था। बच्चों ने खेल-खेल में काफी चीज सीखी आज आखिरी दिन बच्चों के लिए पूल पार्टी आयोजित की गई। छोटे-छोटे बच्चों ने बाथ टब और फव्वारे का आनंद लिया।रेन डांस किया। मिकी माउस में झूला झूला। दिन भर मस्ती के बाद समर कैंप का उल्लास पूर्वक समापन हुआ। इस मौके पर प्रबंधक गौरव अवस्थी ने कहा कि समर कैंप अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न खेल और कला सीखने का माध्यम है छोटे छोटे बच्चों ने भी व्यवहारिक शिक्षा के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट भी सीखी।

# विवाद में दंपत्ति पर हमला, गंभीर रूप से घायल.....



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के धूल्हापुर हुसैनाबाद में घरेलू विवाद के चलते एक महिला और उसके पति पर हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है पीड़िता ने नगराम थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता अमिता देवी पत्नी रमेश कुमार निवासी ग्राम धूल्हापुर हुसैनाबाद ने बताया कि 25 मई को रात्रि लगभग 8:00 बजे पारिवारिक कहासुनी के दौरान उसके जेठ साजन और जेठानी असात ने पहले गाली-गलौज की, जब इसका विरोध किया गया तो मामला हाथापाई तक पहुंच गया। पीड़िता के अनुसार, साजन की पत्नी असात ने मिलकर उसके पति रमेश कुमार पर लोहे की सरिया से हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं ।पीड़िता ने बताया कि बीच-बचाव करने पर उसे भी बुरी तरह से मारा-पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है और हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है घायल रमेश कुमार को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। नगराम थानाप्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दहेज की मांग ने फिर झकझोरा समाज को, विवाहिता के उत्पीड़न पर चार ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।निगोहां आधुनिक दौर में जहाँ समाज समानता और महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ने का दावा करता है वहीं दूसरी ओर दहेज जैसी कुरीति आज भी कई घरों की चूलें हिला रही है ताजा मामला लखनऊ जनपद के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सिठौली गांव से सामने आया है जहाँ एक विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ना और हिंसा का शिकार होना पड़ा पीड़िता, जो निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी है पीड़िता थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी ग्राम सैटोली के युवक से हुई थी शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज को लेकर ताने देने शुरू कर दिए बात सिर्फ तानों तक नहीं रुकी, बल्कि शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न तक पहुंच गई पीड़िता का आरोप है कि बीते 24 जून 2023 से 30 जुलाई 2023 के बीच उसे न सिर्फ गालियाँ दी गईं, बल्कि बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई आरोप पति समेत चार लोगों पर लगे हैं, जिनमें जेठ, जेठानी और ससुर का नाम भी शामिल है पीड़िता द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर निगोहां पुलिस ने सुसंगत धाराओं तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज की बलि चढ़ती बेटियाँ...

यह घटना केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक बीमारी की ओर इशारा करती है, जो आज भी हमारे समाज में ज़िंदा है। बेटियाँ जब ससुराल जाती हैं, तो वे एक नए जीवन की शुरूआत करने का सपना लेकर जाती हैं।लेकिन यदि उन्हें दहेज की बलिवेदी पर चढ़ना पड़े, तो यह केवल एक महिला पर नहीं, पूरे समाज के चरित्र पर सवाल खड़े करता है।

### समाज कब सुधरेगा...

कानून बनने के बावजूद दहेज प्रथा पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है। यह समय है जब समाज को आत्ममंथन करना होगा बेटी को 'बोझ' नहीं, 'सम्मान' समझना होगा। सिर्फ कानून नहीं, सोच भी बदले—तभी जाकर ऐसी घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाया जा सकेगा।

# हिस्ट्रीशीटरों की अपराधिक रिकॉर्ड नष्ट करने की गई कार्रवाई....

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ¶मृत हिस्ट्रीशीटरों का खाका नष्ट करने के अभियान¶ के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया गया है इस अभियान के तहत लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र सिंह सागर के निदेर्शानुसार एवं पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल तथा अपर पुलिस उपायुक्त श्री अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में, सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा द्वारा पांच मृत हिस्ट्रीशीटरों के आपराधिक रिकॉर्ड को विधिवत रूप से नष्ट कर दिया गया ।यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण एवं पुलिस अभिलेखों के अद्यतनकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है इससे न केवल पुलिस रिकॉर्ड को आधुनिक और सटीक बनाया जा रहा है, बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता और जिम्मेदारी का भी परिचायक है नष्ट किए गए हिस्ट्रीशीटरों का विवरण इस प्रकार है। एस.एस. 59अ सूरज मिश्रा उर्फ सुंदर, पुत्र शिव कुमार मिश्रा, निवासी डियारी, थाना नगराम, लखनऊ। एस.एस. 100अ सुब्बारती, पुत्र ईद्शाह, निवासी समेसी, थाना नगराम, लखनऊ। एस.एस. 43अ जॉगेश्वर, पुत्र भीखन पासी, निवासी डोभिया मजार, देवीगंज, थाना नगराम, लखनऊ।एस.एस. 42अ राम कृपाल सिंह, पुत्र भभू सिंह, निवासी कोरोरा, थाना नगराम, लखनऊ। एस.एस. 34अ चंद्रवृण, पुत्र वायूदेव, निवासी छतोनी, थाना नगराम, लखनऊ ।पुलिस विभाग के अनुसार, यह पहल आगे भी जारी रहेगी और जिन हिस्ट्रीशीटरों की मृत्यु हो चुकी है, उनके आपराधिक रिकॉर्ड की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार उन्हें भी अभिलेखों से हटाया जाएगा ।यह कदम प्रशासनिक दक्षता को बढ़ावा देने के साथ ही पुलिसिंग को अधिक प्रभावशाली और पारदर्शी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है

# बिजली विभाग का बड़ा अभियान, तीन दिन में 508 बकायेदारों के कनेक्शन काटे, 62.67 लाख की वसूली......

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज बिजली विभाग ने मोहनलालगंज खंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन दिवसीय मेगा अभियान चलाया 24 से 26 मई 2025 तक चले इस अभियान के दौरान कुल 508 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए और 62.67 लाख रुपये की वसूली की गई। अभियान के पहले दो दिन यानी 24 और 25 मई को विभाग ने गोसाईंगंज, अमेठी, पूरनपुर, मोहनलालगंज, निगोहा और समेसी क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 428 बिजली कनेक्शन काटे इन उपभोक्ताओं पर कुल 62.45 लाख रुपये बकाया था, जिसमें से 44.42 लाख रुपये की वसूली की गई ।अभियान के तीसरे और अंतिम दिन 26 मई को 80 और बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। इन पर 11.39 लाख रुपये बकाया था, जिसमें से विभाग ने 18.25 लाख रुपये की वसूली की ।यह सघन अभियान अमौसी क्षेत्र के अंतर्गत चलाया गया, जिसमें विभाग की कई टीमें लगातार क्षेत्रीय निरीक्षण कर बकायेदारों की पहचान और कड़ी कार्रवाई में जुटी रहीं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे राजस्व वसूली को सुनिश्चित किया जा सके और बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा सके।

# अवैध कब्जे पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई जेसीबी चलवाकर कराया अतिक्रमण मुक्त...

**अमन लेखनी समाचार**




मोहनलालगंज । मोहनलालगंज तहसील प्रशासन ने ग्राम मऊ में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास को विफल करते हुए बड़ी कार्रवाई की राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम की मौजूदगी में नगर पंचायत मोहनलालगंज द्वारा अतिक्रमित भूमि पर चला जेसीबी, जिससे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मऊ की गाटा संख्या 2166, रकबा 0.031 हेक्टेयर भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में रास्ते के खाते में दर्ज है, उस पर श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री राजेंद्र कुमार, निवासी मऊ द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा था ।इस अवैध निर्माण की जानकारी मिलने पर प्रशासन हरकत में आया। मौके पर नायब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी, लेखपाल सुशील गुप्ता सहित राजस्व विभाग की टीम तथा स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचे। नगर पंचायत मोहनलालगंज द्वारा जेसीबी मशीन मंगवाकर निर्माण को ध्वस्त कराया गया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया। नायब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि ¶सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की सख्ती बरती जाएगी।

# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत

**अमन लेखनी समाचार**





लखनऊ। सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा विधि विधान के साथ किया। इस अवसर पर महिलाओं ने वटवृक्ष के नीचे फल फूल और पूजन सामग्री के साथ पूजन अर्चन किया। कच्चे धागे के साथ वृक्ष की परिक्रमा किया और अपने पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगा। माल, विशुनपुर, मलिहाबाद, रहीमाबाद, भतोइया विभिन्न गांवों में स्थित वट वृक्ष के पास सुबह से ही महिलाओं की काफी भीड़ देखी गयी। सुहागिन स्त्रियों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट वृक्ष की पूजा की। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है ।पूजा समापन के पश्चात सभी महिलाओं ने वट वृक्ष का पूजन अर्चन किया।

वट सावित्री व्रत का हिंदू धर्म में खास महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए व्रत रखती हैं और मां सावित्री की विधि-विधान से पूजा करती हैं। यह पर्व ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। सुहागिन महिलाएं इस दिन सोलह श्रृंगार करके पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती है और वट वृक्ष तथा देवी सावित्री की पूजा करती हैं। ऐसा करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और वैवाहिक जीवन खुशहाल बना रहता है।

## सूचना

मेरे पति स्व. विशेष कुमार साहू कि पी.एन.बी मेट लाइफ पॉलिसी संख्या 20518595 नैमिनी का नाम अंजलि साहू अंकित हो गया है। जबकि समस्त अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम अंजली कुमारी है ।अतः इसे अंजली कुमारी लिखा पड़ा व जाना जाए। अंजली कुमारी निवासी -5/76 विकास नगर लखनऊ उ.प्र.-2260 22

## संक्षेप

### आरओबी निर्माण की वजह से कई घंटे बाधित हुई बिजली

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राज्य सेतु निगम द्वारा सरैयां रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित हुई। मरहला चौराहे पर पिलर-25 की पाइलिंग के कारण मिश्रा कालोनी फीडर की बिजली आपूर्ति सात घंटे तक रुकी रही। पाइलिंग कार्य के दौरान भूमिगत हाई टेंशन केबल को हटाना जरूरी था। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के निर्देश पर सुरक्षा कारणों से बिजली आपूर्ति रोकी गई। लाइन स्टाफ वृजेश कुमार की देखरेख में एचटी केबल को काटकर ज्वाइंटर लगाया गया। केबल को नाली के किनारे भूमिगत किया गया। बिजली कटौती से मिश्रा कालोनी, पुरानी बाजार, भीमनगर, चंपा पुरवा, गोताखोर मोहल्ला, राजीव नगर खंती, मनसुख खेड़ा, तेजी पुरवा, गगनीखेड़ा और सरैयां गाँव प्रभावित हुए। गर्मी के मौसम में पंखे और कूलर बंद होने से लोगों को परेशानी हुई। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पानी की मोटरें न चलने से पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हुई।कुछ लोगों ने बिजली विभाग और निगम पर पूर्व सूचना न देने का आरोप लगाया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि यह कार्य जनहित में आवश्यक था। उन्होंने कहा कि आगे होने वाली पाइलिंग के दौरान पूर्व सूचना दी जाएगी। सात घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत महसूस की।

### सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी आयु की कामना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर कस्बा गांव समेत समूचे जनपद में सोमवार को बरगदाही के अवसर पर वट वृक्ष की पूजा का आयोजन हुआ। हजारों महिलाओं ने विधि-विधान से बरगद के पेड़ की पूजा की। वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी जीवन के लिए रखती हैं। इस दिन महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा कर सावित्री की तरह अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन देवी सावित्री ने वट वृक्ष की छाया में अपने पति को पुनर्जीवित किया था। सावित्री ने अपने तप, प्रेम और दृढ़ संकल्प से अपने पति को यमराज से वापस पाया था। तभी से यह व्रत पति-पत्नी के प्रेम और निष्ठा का प्रतीक बन गया। हिंदू धर्म में बरगद के पेड़ को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। पूजा में शिक्षा दीक्षित, मंजू शुक्ला, निकिता शुक्ला, रोली सिंह, सीमा सिंह, गुड्डी मिश्रा, पप्पी मिश्रा, चांदनी अवस्थी, सुनीता बाजपेई, नीलम अवस्थी सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। पूरे क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु की प्रार्थना कर वट की पूजा अर्चना कर वट वृक्ष की परिक्रमा भी की फतेहपुर चौरासी कस्बा सहित समूचे क्षेत्र में आज ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की, सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के निकट पहुंचने लगी थी।सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा की धागा बांधा एवं अपने पति की दीघार्यु जीवन की कामना की। आचार्यों ने वट सावित्री कथा भी सुनाया. पूजा पाठ के दौरान वट वृक्ष के निकट महिलाओं ने वट सावित्री वृत कर अखंड सुहाग की प्रार्थना की और जगह -जगह महिलाओं ने उपवास कर वटवृक्ष की पूजा की और सावित्री- सत्यवान की कथा सुनी। इस मौके पर पहली बार इस पूजा में शामिल सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह था। महिलाओं कहा कि वट सावित्री पूजा सुहागिनों के अखंड सौभाग्य प्राप्त करने का प्रमाणिक और प्राचीन वृत है। धर्म ग्रंथों में इस बात का उल्लेख है कि इस व्रत के करने से अल्पायु पति भी दीघार्यु हो जाता है. महिलाओं ने कहा कि जब सत्यवान की आत्मा को यमराज लेने पहुंचे थे, तब उनकी पत्नी सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चल पड़ी। यमराज के काफी समझाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी, तब विवश होकर यमराज ने सत्यवान आत्मा का प्रवेश उसके मृत शरीर में करवा दिया। उसी समय सावित्री ने वट सावित्री की पूजा की थी।

## फांसी का फंदा गले में डालकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। जिला के बहुचर्चित ग्राम सभा संग्रामपुर के गांव डौडिया खेड़ा में अमन कुमार 18 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शंकर ने अपने गले में चुनरी का फंदा लगाकर उस समय आत्महत्या कर ली जब उसकी माँ रामवती पड़ोस में गयी हुई थी। रामवती के पति की पहले ही मौत हो चुकी है ।इकलौते पुत्र की मौत से मां रो रो कर बेहाल है सबसे बड़ी समस्या रामवती के सामने घर का खर्च उठाने की आ गई उसके पास ना ही जमीन है न ही कोई बड़ा मकान। मजदूरी करके मां बेटा अपना जीवन यापन करती हैं आज उसके लड़के ने भी अपनी मां का साथ छोड़ दिया है। थाना बारा सगवर प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी घायल एक सप्ताह पूर्व आरोपी ने की थी लुट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में 18 मई की रात एक शादी समारोह के दौरान हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चौहान गेस्ट हाउस में हुई इस घटना में बाइक सवार बदमाशों ने 71 वर्षीय रामसजीवन यादव से 70,000 रुपये का बैग छीन लिया था। पुलिस ने रविवार रात मुखबिर की सूचना पर मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के कारोवन निवासी ऋषभ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से लूट का बैग, नकदी और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। घटना के समय रामसजीवन यादव अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने आए थे। वे गेस्ट हाउस के मुख्य द्वार पर खड़े थे। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार दो युवकों ने उनसे बैग छीनकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सफीपुर मधुपनाथ मिश्र और माखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्वाट टीम और सर्विलांस सेल को भी जांच में लगाया गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और संभावित मार्गों पर चेकिंग की।इस सफलता पर क्षेत्राधिकारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम की सतर्कता और तकनीकी निगरानी की वजह से यह मामला सुलझा। उन्होंने कहा कि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। वहीं, पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए राहत की सांस ली है। रामसजीवन यादव ने बताया कि इस लूट की वजह से शादी की खुशियां गम में बदल गई थीं, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी ने फिर से उम्मीद जगाई है।

## सुने घर से चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। वैवाहिक कार्यक्रम में गए परिवार के घर सूना मौका देख चोरों ने नगदी जेवर सहित लाखो का माल पार कर दिया। गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा किये जाने की मांग की है।

थाना बिहार की चौकी नगर के क्षेत्र निहाल खेडा मजरे धनकोली निवासी श्यामू पासवान पुत्र स्वर्गीय हनुमान परिवार सहित पास में ही स्थित गाँव मुडियन खेड़ा में एक करीबी रिश्तेदार के यहाँ वैवाहिक कार्यक्रम मे गये थे।

रात करीब 1 बजे जब वह वापस घर लौटे बाहर का ताला खोलने पर दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा अंदर से बंद होने पर उन्हें किसी घटना घटित होने का अंदेशा हुआ। शोर शराबा करने पर आस पास के लोग एकत्रित हो गए। किसी तरह घर की छत पर जाकर देखा तो घर मे अंदर सीढ़ी लगी हुई थी।

कमरों के दरवाजे खुले हुए थे। अंदर रखे बक्सों के ताले टूटे थे, उन बक्शो में रखा माँ सहित तीन बहुओं का जेवर व कुछ पैसे नगद गायब थे। गृहस्वामी द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुँच कर सुरागकशी में लगी रही।

शुबह तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने जांच कर चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया। गृहस्वामी द्वारा दी गयी तहरीर में चोरी की कीमत का आकलन न कर लाखो का अनुमान लगाया है।

## आक्रोशित किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ दिया धरना

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के नसीरपुर गांव में पिछले सात दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे किसानों की फसलें सूखने लगी हैं। आक्रोशित किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है। नसीरपुर में बिजली न होने से ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। अरविंद्र मास्टर, विश्राम रावत, बीडीसी नरेंद्र कुमार, कैलाश, ब्रजपाल, नीरज और जगदीश नारायण समेत कई ग्रामीण धरने में शामिल हुए हैं। गर्मी के मौसम में बिजली की कमी से ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। पंखे और अन्य जरूरी सुविधाएं भी बाधित हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग से संपर्क किया। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।बीडीसी नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह पूरे गांव का मुद्दा है। बिजली की कमी से फसलें बर्बाद हो रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों को भी गर्मी में परेशानी हो रही है। एसडीओ राहुल कुमार अवस्थी ने बताया कि बीघापुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के किसानों की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। जल्द ही विभागीय टीम भेजकर समस्या का समाधान किया जाएगा। आंदोलन की तैयारी किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और व्यापक करेंगे। इस बीच, क्षेत्र के अन्य ग्रामीण भी बिजली समस्या को लेकर लामबंद होने लगे हैं। बिजली आपूर्ति बहाल न होने की स्थिति में नसीरपुर सहित आसपास के कई गांवों में हालात और बिगड़ सकते हैं, जिससे न सिर्फ खेती प्रभावित होगी, बल्कि ग्रामीणों का दैनिक जीवन भी अस्त-व्यस्त हो जाएगा।

## विधुत समस्या को देखते विद्युत विभाग ने नगर पंचायत को अलग से लाइन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के कस्बा ऊगू में आए दिन होने वाली बिजली की समस्या को देखते हुए तकिया फीडर से ऊगू के लिए अलग से लाइन की व्यवस्था की गई है। जिससे बीच में पड़ने वाले गांवो के कारण ऊगू की बिजली व्यवस्था में कोई व्यवधान न आए। नई लाइन से ऊगू तक बिजली पहुंचाने की व्यवस्था का सोमवार को क्षेत्रीय विधायक श्री कांत कटियार ने उद्घाटन कर नागरिकों को समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया है। कस्बा निवासी अवधेश, अंकुश, विवेक, रमाशंकर तिवारी, अनुज दीक्षित आदि ने बताया कि आए दिन कस्बे में बिजली की समस्या बनी रहती थी जिससे भीषण गर्मी में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। कई कई घण्टे बिजली गायब रहती थी आए दिन लाइन में फाल्ट के चलते गर्मी और अंधेरी रात काटना मुश्किल हो रहा था। कस्बा ऊगू के लिए की गई इस व्यवस्था से राहत मिलने की उम्मीद नागरिकों में जगी है।

## अहिल्या बाई होलकर त्रिशताबादी स्मृति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड सभागार में अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश संयोजक गिरजा शंकर गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक बंबा लाल दिवाकर ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया। विधायक दिवाकर ने मां अहिल्या बाई होलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अहिल्या बाई ने समाज को नई दिशा दी। उनके कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।मुख्य अतिथि गुप्ता ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि लोकतंत्र की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी को अहिल्या बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा को कर्तव्य बनाने का आह्वान किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कई ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया। विधायक ने ब्लाक परिसर में स्थित अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में बीडीओ श्वेता त्रिपाठी, एडीओ पंचायत छोटेलाल, अभिज्ञान तिवारी, लकी रावत, राजू चौहान और आशीष कन्नौजिया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महान व्यक्तित्वों की स्मृति को जीवंत रखते हुए जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करना था।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अन्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्नाव जिले के बक्सर में माता चंद्रिका के ज्ञान्यालय पंचायत भवन में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में प्रतिभा को निखार पर्यटन को बढ़ावा देना है। सरकार के निदेर्शानुसार एग्री रूलर और गंगे ग्राम रूलर टूरिज्म द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार व रविवार को फाग, आल्हा, बिरहा के साथ संगीत नृत्य लिल्ली घोड़ी नृत्य किया गया जिसमें प्रशिक्षण प्रमुख आल्हा गायक नीरज दीक्षित गोरेलाल रहे । समस्त कार्यक्रमो को दर्शकों ने आनंदित होकर भाग लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामबदन, युवा समाजसेवी अंकित पांडेय नारायण दास खेड़ा, ललऊ प्रजापति, राकेश साहू, दिनेश निर्मल, प्रज्वल, संजय निर्मल, गुड्डू यादव, भुल्लू यादव आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा विभाग ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। सोमवार को विकास खंड अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के शुभारंभ के क्रम में विभागीय निदेर्शानुसार विकास खण्ड सुमेरपुर में शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले शिक्षकों/शिक्षामित्रों/अनुदेशकों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गयो कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री योगेश बाजपेई ,खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के द्वारा सरस्वती माँ के माल्यार्पण और दीप जलाने के साथ हुआ विकास खण्ड के कुल 33 शिक्षकों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि तथा ब्लाक अध्यक्ष विनोद सिंह के द्वारा शिक्षकों की कर्तव्य परायणता की सराहना की गई खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा आभार व्यक्त करके कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश तिवारी, कंचन मिश्रा, जय भीम, नमो नारायण, सर्वेश कुमार, दुर्गेश कुमार, रोहित, रिजवान , चंद्रिका, जितेन्द्र, अनुराधा, वंदना ,वंदना पाठक, अंजलि, पूनम आदि लोग उपस्थित रहे



## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। डीएम गौरांग राठी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज और बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सेंगर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में शुरू की गई शैक्षिक योजनाओं पर चर्चा की गई। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने इन योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों को बेहतर संसाधन मिलेंगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।सीडीओ कृति राज ने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट क्लास और डिजिटल लर्निंग की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। लाइब्रेरी को मजबूत किया जाएगा और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आने वाले महीनों में जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बदलाव देखने को मिलेगा। लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त डीएम ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर स्कूल की नियमित मॉनिटरिंग और निरीक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने का संकल्प लिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही चौकी क्षेत्र में एक ट्रक चालक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मृतक की पहचान बस्ती जिले के रुद्रावली थाना क्षेत्र के ड्रोबलिया गांव निवासी प्रदीप चौधरी (35) के रूप में हुई है। प्रदीप अपने दोस्त धर्मेंद्र के साथ बस्ती से झांसी की ओर माल लेकर जा रहे थे। दही चौकी क्षेत्र में उन्होंने लघुशंका के लिए ट्रक को सड़क किनारे रोका। ट्रक से उतरते ही एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर में प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दही थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इससे टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जाएगी। ट्रक चलाकर पाल रहे थे परिवार स्वर्गीय केदारनाथ चौधरी के पुत्र प्रदीप विवाहित थे। वह अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए ट्रक चलाते थे। उनकी मौत की खबर से ड्रोबलिया गांव में शोक छा गया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## विधुत करंट की चपेट से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। कस्बा भगवंतनगर में एक युवक की पंखे से चिपककर मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर परिजन बेहाल हो गए। टाउन एरिया भगवंतनगर के वार्ड संख्या 01 निवासी सागर शुक्ला पुत्र अखिलेश चंद्र शुक्ला उम्र 24 वर्ष सोमवार शुबह स्नान करने उपरांत करीब 9 बजे गर्मी अधिक होने के कारण फरार्टा पंखे को पकड़ के अपनी तरफ घूमाने लगा। तभी पंखे में करंट आ गया । करेंट आते ही वह चिपक गया और तड़पने लगा। पास में मौजूद जब माँ ने यह दृश्य देखा मदद के लिए लोगो को गुहार लगाई ।किसी तरह से उसे पंखे से अलग किया गया व उपचार हेतु सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ वहाँ मौजूद डॉ सुनील ने मृत घोषित कर दिया। दिवंगत घर का एकलौता चिराग था। एक लकड़ी की अड्डी में मुनीम था। बहन नीतू की शादी हो चुकी है। पिता कुछ वर्ष पहले सौर ऊर्जा पानी की टंकी में सप्लाई लाइन के मिस्त्री थे पर अब वह हरियाणा में रह परिवार चलाने हेतु जीविकापार्जन कर रहे है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया परिजनों ने अभी कोई सूचना नही दी है।

## पशु चिकित्सक को एंटी करप्शन टीम ने 25 हजार की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में उगू पशु चिकित्सालय के डॉ. सोमेश निगम को एंटी करप्शन टीम ने 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। डॉक्टर ने सराय अख्तियारपुर गांव के अभिषेक कुमार से पशुधन ऐप एक्टिव करने के लिए यह रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन टीम ने शिकायत के बाद योजना बनाई। अभिषेक को रिश्वत की रकम के साथ डॉक्टर के पास भेजा गया। डॉक्टर के रकम लेते ही टीम ने उन्हें पकड़ लिया। टीम स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना आरोपी को सीधे लखनऊ ले गई। वहां एंटी करप्शन सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया। सूत्रों के मुताबिक, पशुधन योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को ऐप से जोड़ने में कई जगहों पर भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं। पीड़ित अभिषेक ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। जांच के बाद टीम को कार्रवाई का आदेश मिला ।स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. निगम की कार्यप्रणाली पर पहले भी कई शिकायतें हुई थीं। एंटी करप्शन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य विभागीय कर्मियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। अब विभागीय कार्रवाई की दिशा पर सबकी नजर है।

## जेठ अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जेठ अमावस्या के अवसर पर सोमवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सूर्योदय के साथ ही हजारों लोगों ने गंगा में पवित्र स्नान किया। गंगाघाट, शुक्लागंज, बक्सर घाट, घसियारघाट, असोहा, रामनगर और नवाबगंज के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। लोग अपने परिवारों के साथ वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रॉली और पैदल चलकर पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की ।जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए। घाटों पर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात किए गए। जल पुलिस की टीमें मोटरबोट से गश्त करती रहीं। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद रहीं। नगर पालिका ने घाटों की साफ-सफाई कराई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, टेंट और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई। कई श्रद्धालुओं ने गरीबों को अन्न, वस्त्र और दक्षिणा दान में दिए ।स्थानीय निवासी विमला देवी ने बताया कि वे हर वर्ष परिवार के साथ गंगा स्नान करने आती हैं। शुक्लागंज निवासी रामप्रकाश शुक्ला के अनुसार यह परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है। इस अवसर पर फेरीवालों और पूजा सामग्री विक्रेताओं को भी अच्छी आमदनी हुई। उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि गंगा स्नान के लिए जिलेभर से हजारों श्रद्धालु आए थे। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासन ने पूरी सतर्कता बरती और दिनभर अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे।

अमन लेखनी



सम्पादकीय

# भारत से उलझने की बजाए देश संभालें पाकिस्तानी नेता

पुरानी कहावत है कि अगर कुत्ते की दुम को 16 साल तक पोगली में रखकर बाहर निकाला जाए तो भी वो टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। यही हाल हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान का है। भारतीय सेना की कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और भारत को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने गिड़गिड़ाने तक की नौबत आ गई। जब भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया तो पाक नेता और सेना अधिकारी अपनी शेखी बघारने लगे। अब ऐसा ही एक और बयान सामने आया है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान का है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है। चौधरी ने कहा कि भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। जबकि भारत युद्ध विराम के दौरान ही साफ कर चुका है कि सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। महज चार दिनों के युद्ध में ही यह बात पाकिस्तान अच्छी तरह से जान चुका है कि नए भारत को दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। भारत अब दुनिया की सशक्त अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं पाकिस्तान दिवालिया के कगार पर है। इसके बावजूद वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाक से नेपाल पहुंचे संदिग्ध आतंकी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के इरादे से भारत में दाखिल होने की योजना बना रहे हैं। सूचना है कि करीब तीन दर्जन संदिग्ध नेपाल पहुंच चुके हैं। इनमें पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। ये लोग खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में घुसने की फिराक में हैं। इसीलिए सीमा पर सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग बढ़ा दी है, ताकि कोई भी संदिग्ध तत्व भारत में प्रवेश न कर सके। असल में पाकिस्तान अपनी कमजोरी छिपाने के लिए भारत में अशांति पैदा करने की कोशिश करता रहता है। भारत के नाम पर वहां के हुक्मरान अपनी असफलताओं को ढकते रहते हैं। पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था चौपट है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बलूच अलगाववादी आंदोलन देश के अस्तित्व पर खतरा बन गया है। मार्च में जाफर एक्सप्रेस के हाईजैक के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी के हौसले सातवें आसमान पर हैं। पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर बीएलए ने स्पष्ट तौर पर पाक सरकार को चेता दिया है कि स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग को बलपूर्वक दबाना मुश्किल है। खैबर पख्तूनख्वा अलग तरह की आग में जल रहा है। यहां तहरीक-ए-तालिबान पाक आर्मी के लिए चुनौती बना हुआ है। सैन्य मोर्चे पर भी पाकिस्तान के हालात काफी खस्ता हैं। अब सेना अध्यक्ष मुनीर को फील्ड मार्शल का पद देकर शरीफ सरकार ने पाकिस्तान के आम आदमी के जख्मों पर नमक डालने का काम किया है। असल में इमरान खान समर्थक मुनीर को पसंद नहीं करते और शहबाज शरीफ उन्हें सिर पर बैठा रहे हैं। पाक नेताओं और सेना अधिकारियों को चाहिए कि भारत से उलझने की बजाए अपने हालात पर ध्यान दें। कहीं ऐसा न हो कि पाक इतिहास की किताबों में ही रह जाए।

# मोदी सा साहस शहबाज नहीं दिखा सकते



एयरबेस मामला

अवधेश कुमार

पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आदमपुर एयरबेस यानी वायु सैनिक अड्डे पर गए जहां से उनका कार्यक्रम पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कुछ एयरबेस पर जा रहे हैं । पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। प्राइवेट कंपनी मेक्सार ने सेटेलाइट की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें सरगोधा, नूर खान, भेल्लारी, सुक्कूर, जकोबाबाद स्थित शाहबाज एयरबेस आदि की तस्वीरें बता रही हैं कि 8 मई के पहले कैसी थीं और भारतीय कार्रवाई के बाद किस हालत में हैं। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। काफी दिनों बाद उनमें से कुछ पर जाते हैं तो कोई मायने नहीं होगा क्योंकि कम क्षति वाले कुछ क्षेत्र की मरम्मत की जा सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन करने की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना। लाइव तस्वीरें दुनिया देख रही थी। प्रधानमंत्री जहां से बोल रहे थे उसके पीछे एस400 प्रणाली भी दिख रही थी, रनवे भी दिखा और सैनिकों का उत्साह सातवें आसमान पर था।

जब कोई देश किसी पर हमला करेगा और हमारे बीच अघोषित युद्ध होगा तो यह संभव नहीं कि उसमें अपना नुकसान नहीं हो। बगैर मूल्य चुकाये कोई उपलब्धि हासिल नहीं होती। देश का मानस पाकिस्तान के साथ सैनिक टकराव में इसके लिए तैयार था कि हमारा भी नुकसान होगा किंतु उसे सबक सिखाये बगैर रुकना नहीं है। जितनी संख्या में उनके मिसाइल, ड्रोन चले, लड़ाकू जेट तक शामिल हुए तो उसका कहीं असर होगा। वैसे जितनी जानकारी आई है उसके अनुसार कोई बड़ी क्षति भारत को नहीं हुई। पाकिस्तान ने अपने सैन्य दुस्साहस की शर्मानाक विफलता और लगातार कमजोर होती रक्षा और आक्रमण प्रणाली से देश की जनता की दृष्टि हटाने के लिए लगातार झूठी सूचनायें प्रसारित कीं। पाकिस्तान के दुष्प्रचार का साथ देने वाले हमारे देश के इकोसिस्टम ने आदमपुर से आए वीडियो में एक-एक के चेहरे और आंखों को तलाशने की कोशिश की होगी ताकि कोई या कुछ मिल जाए जिसके चेहरे को देखकर बता सकें कि उत्साह झूठा था। वीडियो को रोक कर स्लो मोशन में देखा होगा ताकि कुछ नुकसान दिख जाए। कुछ दिखा नहीं पाए, इसका अर्थ भी साफ है। दुर्भाग्य से भारत को दुष्प्रचार युद्ध में पाकिस्तान और भारत विरोधी विदेशी शक्तियों के साथ बड़ी संख्या में अपने देश के उन समूहों से लड़ना पड़ रहा है जिनके बारे में समझना मुश्किल है कि उनकी प्रतिबद्धता क्या है? सच यह है जब भारत की मिसाइलें पाकिस्तान के न्यूक्लियर संस्थाओं के दरवाजे तक पहुंच गई, वह ज्यादा भयभीत हुआ कि आगे न्यूक्लियर युद्ध की धमकी भी देने की स्थिति में नहीं रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को विश्व का अगुवा नेता और अपने नेतृत्व में अमेरिका को किसी संघर्ष को रोकने में सक्षम



दिखाने के उतावलेपन में कह रहे हैं कि उन्होंने दो नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय युद्ध रुकवाया तो साफ है कि पाकिस्तान ने यही बात रखी होगी। हालांकि नाभिकीय युद्ध की कहीं संभावना नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष अमेरिका की ओर से यह बात आई तभी तो उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं चलेगा। क्या इसका अर्थ है कि भारतीय बलों ने अपनी युद्ध रणनीति के कारण यह आत्मविश्वास प्राप्त कर लिया है कि समय पर पाकिस्तान के नाभिकीय संस्थानों को ऐसी स्थिति में पहुंचा सकते हैं या उनका नियंत्रण ले सकते हैं जहां न रेडियोएक्टिव तत्वों के रिसने का खतरा रहे और न पाकिस्तान उनके इस्तेमाल करने में सक्षम? अभी अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया जा सकता किंतु दो दिनों के युद्ध में कुछ स्थितियां स्पष्ट थीं। विश्व के कई विख्यात रक्षा विशेषज्ञ भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। ज्यादातर का मानना है कि 10 मई को जब भारतीय वायु सेना ने ब्रह्मोस और स्कैल्प इजी मिसाइलों से पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बनाया और इस दौरान सुखोई 30 एमके आई, मिराज 2000 और राफेल भी दौड़ रहे थे तो पाक की स्थिति काफी खराब हो गई। जगुआर लड़ाकू बमवर्षक विमानों से इसराइल से प्राप्त रैम्पेज मिसाइलों से सुक्कूर एयरबेस को निशाना बनाया गया। ब्रह्मोस-ए सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने पाक एयरबेस के मुख्य रनवे को पूरी तरह नष्ट कर दिया। रहीम यार खान एयरबेस को शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी कहा जाता है, जो पाकिस्तान वायुसेना का महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा है। हमले को रात में सटीकता से अंजाम दिया गया ताकि नागरिक नुकसान से बचा जा सके। हमले में सैन्य सुविधाओं, इमारतों और उपकरणों को नुकसान पहुंचा और स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ सहित कुछ सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। सरगोधा एयरबेस निशाने पर था और वहीं किरण हिल्स में नाभिकीय केंद्र के प्रवेश द्वार पर विस्फोट किया गया। पाकिस्तानी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारतीय निर्मित इजरायली हारोप ड्रोन ने कराची और लाहौर सहित कई स्थानों में हमले किए। लाहौर के सुंदर इंडस्ट्रियल एरिया में धमाकों के वीडियो और स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों ने भी इन हमलों की पुष्टि की मोटा-मोटी आकलन है कि दो-तीन दिन से ज्यादा का भंडार उसके पास नहीं था। साफ दिख रहा था कि पाकिस्तान ने भारत द्वारा मिसाइलों से नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने को अपनी शान और इज्जत के विरुद्ध मान लिया और उत्तर से दक्षिण श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट ,अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, भटिंडा ,चंडीगढ़, नाल फलोदी और भुज आदि पर ड्रोन और मिसाइल के ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। भारतीय सैन्य बलों ने इसका पूर्ण आकलन करते हुए प्रत्यक्ष कई गुना बड़े प्रत्याक्रमण की तैयारी की थी और परिणाम हुआ कि हमले असफल किए जाने लगे। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी भी ड्रोन के निशाने पर आया। भारतीय ड्रोनों ने चीन की हत्फ 9 सरफेस टू एयर मिसाइल ऑपरेट करने वाली बटालियन को नुकसान पहुंचाया, लाहौर में पूरी टुकड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई, कराची की सुरक्षा में तैनात हत्फ 9 बटालियन को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसी का परिणाम था कि पाकिस्तान को एफ16 वायुयान तक का इस्तेमाल करना पड़ा। पाकिस्तान अगर एस 400 मिसाइल रक्षा प्रणाली को मार गिराने का दावा कर रहा है तो उसे बताना होगा कि रडार मिसाइल निगरानी में यह कैसे संभव हुआ? प्रधानमंत्री और हमारे सैन्य प्रवक्ताओं की भाषा बिल्कुल एक है कि सीमा पार आतंकवाद की संभावनाओं तक को पूरी तरह समाप्त करने की लंबी योजना और रणनीति से आरंभ ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित है, समय और परिस्थितियों के अनुसार आगे भी जारी रहेगा।

वैश्विक परिदृश्य

डॉ. एस.डी. वैष्णव



# बलूचिस्तान के संघर्ष की मुखर आवाज़ बनी महरंग

युद्ध सभ्य समाज की निशानी नहीं है,लेकिन पहलगाम में आतंकी हमला करके पाकिस्तान ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। हालांकि, वर्षों से भारत में सुनियोजित तरीके से आतंकवादी हमले प्रायोजित करना पाकिस्तान की पुरानी फितरत रही है, लेकिन इस बार उसे मुँह की खानी पड़ी। भारतीय सेना के शौर्य-पराक्रम और सरकार के त्वरित एवं साहसिक निर्णयों ने भारतीय जनमानस की उम्मीदों के अनुरूप 'ऑपरेशन सिंदूर' से उसे ऐसे नाकों चने चबवाए कि भारत के एक ही प्रहार से ध्वस्त और आहत पाकिस्तान में ऐसा हाहाकार मचा कि उसे सीजफायर पर आना पड़ा। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो अपने भीतरी संघर्षों एवं खून-खराबों से ऊपर उठ नहीं पा रहा है। बावजूद उसने इस बार भारत से टकराने की हिमाकत की जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। वैसे तो पीओके वाले गिलगित-बाल्टिस्तान और पाक-अफ़गान सीमा जो डूरंड लाइन के आसपास का क्षेत्र है, वहां सक्रिय चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के साथ पाकिस्तानी सेना का वहाँ के लोगों के साथ संघर्ष और झड़पें लगातार चलती रहती हैं। इन दिनों सिंध प्रांत में भी वहां की अवाम ने पाकिस्तान सेना और सरकार के ख़िलाफ़ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में बलूचिस्तान प्रांत एक ऐसा क्षेत्र है, जो सदैव अराजकता और अशांति के अंधेरे के बीच गुजर-बसर करते हुए, आज भी आजादी की नई रोशनी के कतरे तलाश रहा है। पिछले कुछ वर्षों से वहां की सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच बलूचिस्तान की आजादी की मुखर आवाज़ बन गई है। बलूचिस्तान की शेरनी के नाम से मशहूर महरंग बलोच पेशे से डॉक्टर और मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बलोच यकजेहती कमेटी कमेटी की संस्थापक है। वहाँ दशकों से हो रही हिंसा, असहमति की लड़ाई, अपहरण, बेजा हत्याएं और मानवाधिकारों के हनन के ख़िलाफ़ वह अहिंसात्मक आंदोलनों के माध्यम से बलूच लोगों को एकजुट करती रही है। उनके तेज-तर्रार और आक्रोश से भरे भाषणों में गुलामी और पीड़ा से उपजी व्यथा का दंश झलकता है। महरंग बलोच ने पाकिस्तानी सेना और वहां के राजनीतिक हलकों का दम फूलाकर रख दिया है। यही कारण है कि कुछ दिन पूर्व क्वेटा में एक प्रदर्शन के दौरान उन्हें पाकिस्तानी सेना द्वारा गिरफ्तार करके ब्लॉक 9 की सेल नंबर 5 में बंद कर दिया गया। क्वेटा की इसी जेल में कभी उनके पिता को भी क़ैद रखा गया था। बाद में उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। इतिहास में झाँककर देखें, तो भारत-पाकिस्तान के विभाजन के साथ ही बलूचिस्तान और वहाँ के लोगों ने स्वयं को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। हालांकि, ब्रिटिश शासन के दौर में ही 11 अगस्त 1947 को बलूचिस्तान को नया देश बना दिया गया। उस वक्त लॉर्ड माउंटबेटन ब्रिटिश वायसराय थे। बलूचिस्तान को आजाद करते हुए एक पेंच ऐसा फंसाया गया जिसके तहत बलूचिस्तान की सुरक्षा का जिम्मा पाकिस्तान को सौंपा गया। बलूचिस्तान की आजादी के एक महीने बाद ही ब्रिटेन ने एक नया प्रस्ताव पारित किया और कहा कि बलूचिस्तान अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां उठाने लायक नहीं है, इसलिए उसे एक स्वतंत्र देश नहीं बनाया जा सकता। आगे इसका फायदा पाकिस्तान ने बलूचिस्तान को अपने कब्जे में लेकर उठाया। 1948-50 से लेकर अब तक बलूचिस्तान की आजादी के लिए कई आंदोलन हो चुके हैं। बलूचिस्तान की आजादी के लिए जंग लड़ रही बीएलए यानी बलूच लिबरेशन आर्मी का पाकिस्तानी सेना के साथ लगातार संघर्ष जारी है। हालिया दिनों में 14 मई 2025 का दिन बलूचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब बलूच नेता, मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'फ्री बलूच मूवमेंट' के प्रतिनिधि मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बलूचिस्तान की आजादी की घोषणा की। बहरहाल, पाकिस्तान में महरंग बलोच नाम का एक तूफ़ान उठ खड़ा हुआ है। शांति के वैश्विक प्रयासों को मान्यता देने वाले वर्ष 2025 के शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए महरंग बलोच को नामित किया गया है।

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित

दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है। सरिताएं, नद, तालाब, नवीन जल से परिपूर्ण हो जाते हैं। बादल पृथ्वी के निकट आ जाते हैं।

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था।

बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## जद्दोजहद



प्रयागराज के बाहरी इलाके में शंकरगढ़ में गंगा नदी से ज्यादा दूर स्थित क्षेत्र में पानी की कमी के बीच लोग बारिश के पानी से भरे तालाब से पीने का पानी लेने जाते हुए।

## आज की पाती

### कूटनीति के मंच पर लोकतंत्र की परीक्षा

भारत की लोकतांत्रिक संरचना और विविधतापूर्ण सामाजिक ताने-बाने ने उसे वैश्विक मंच पर एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है, जहां विभिन्न विचारधाराएं, जातियां, धर्म और भाषाएं एकजुट होकर सह-अस्तित्व की प्रेरणा देती हैं। लेकिन जब यह आंतरिक एकता राजनीतिक स्वार्थों और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढने लगे, तब राष्ट्र की साख और उद्देश्य दोनों ही संकट में पड़ जाते हैं। हाल ही में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के जवाब में भारत सरकार द्वारा गठित सात प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य था- भारत की एकता, अनेकता में एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दुनिया भर में पहुंचाना।

- **राजेंद्र ठाकुर**, धमतरी

## ट्रेंड

### बीएसएफ सबसे सशक्त



दुर्गम सीमाओं और विषम मौसमीय परिस्थितियों में भी सीमाओं पर मुस्तैद बीएसएफ ने सीमा सुरक्षा के अपने संकल्प को दृढ़ता से निभाया है। मोदी सरकार बीएसएफ को अत्याधुनिक तकनीकों और संसाधनों से सुसज्जित कर इसे विश्व का सबसे सशक्त सुरक्षा बल बना रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### जर्मनी की एकजुटता



आज बर्लिन में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिलकर गौरवान्वित महसूस किया। हम रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए उनकी सरकार के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। आतंकवाद से मुकाबले के प्रति जर्मनी की एकजुटता सराहनीय है।

- एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

### जनता की मुस्कान



हमारी सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की शिकायत का समयबद्ध समाधान हो और प्रशासन अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी व जनहितैषी बने। जनता की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी जीत है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नकारात्मकता का खोल



'आपरेशन सिंदूर' के सफल होने के बाद से ही कांग्रेस में खरगे-राहुल गांधी की जोड़ी ने 'घोर नकारात्मकता का खोल ओढ़' रखा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मय सबूत के साथ प्रहार कर दिया जो अब उनकी खुन्नस में तब्दील हो गया है।

- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

# सार्वभौमिक टीके महामारी से लड़ने के तरीके बदल देंगे

हर साल, वैज्ञानिक उत्परिवर्तित वायरस का पता लगाने के लिए संघर्ष करते हैं, दवा कंपनियां टीकों को नये सिरे से तैयार करती हैं तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली टीके और उपकरणों की नयी खेप प्राप्त करने की तैयारी करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया फ्लू और कोविड जैसे खतरों के खिलाफ हमारी अग्रिम पंक्ति की रक्षा है – लेकिन इसकी कीमत बहुत अधिक है। वैश्विक स्तर पर, अरबों अमेरिकी डॉलर, वायरस के स्वरूप की निगरानी, टीके के विकास और वितरण में खर्च किए जाते हैं तथा पहले से ही मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर रही स्वास्थ्य प्रणाली – विशेष रूप से निम्न आय वाले देशों में – तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है।



## ऑफ बीट

# घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है।



## संक्षेप

### वरिष्ठ भाजपा नेता राम बहादुर यादव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। वरिष्ठ भाजपा नेता राम बहादुर यादव का विगत दिनों दुर्घटना के बाद रविवार की रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, राजा पयागपुर जयेंद्र विक्रम सिंह, विधायक आनंद यादव,विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, डा.अरविंद सिंह. रामसतीश वर्मा, कौशलेन्द्र सिंह , विनोद गुप्ता , हनुमान यादव, पेशकार यादव, शिवसहाय सिंह, शिवानन्द सिंह , विनोद वर्मा ,नीरज श्रीवास्तव, सभासद रामराज वर्मा, बुद्धि सागर गुप्ता ,कौशलेन्द्र चौधरी, भगवानदास सोनी , जयन्त सिंह सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अवध विवि के कुलपति ने किया सुल्तानपुर में किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, अवध विवि के कुलपति ने किया सुल्तानपुर में किया निरीक्षण जीएसपीजी कॉलेज में 500 छात्रों की परीक्षा के दौरान व्यवस्था चाक-चौबंद, कुलपति ने की तारीफ सुल्तानपुर के गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजेन्द्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। शनिवार को विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा की दूसरी पाली चल रही थी। इस दौरान बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, एम.एस-सी. द्वितीय सेमेस्टर और एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के करीब 500 छात्र परीक्षा दे रहे थे। कुलपति के साथ विश्वविद्यालय का उड़न दस्ता भी मौजूद था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह 'राणा' और कॉलेज का आंतरिक उड़न दस्ता भी निरीक्षण में शामिल रहा। कुलपति ने परीक्षा कक्षों के साथ कंट्रोल रूम का जायजा लिया। उन्होंने प्रश्नपत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं के नोडल कक्ष की व्यवस्था की भी जांच की।

### भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिली धमकी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राणा को अज्ञात लोगों से जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश से मिलने का समय मांगा है। वे इस मामले की गंभीरता से अवगत कराना चाहते हैं। प्रतिनिधिमंडल की मुख्य मांगें- धमकी देने वालों की गिरफ्तारी, जिला प्रशासन की निष्क्रियता की जांच और अनुसूचित जाति-जनजाति के नेताओं की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी सेल का गठन हो।

## कैसरगंज स्थित कार्यालय से नदारद रहते हैं बाल विकास परियोजना अधिकारी

### एकमात्र लिपिक महेश के भरोसे चल रहा है बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली कादरी

- परियोजना अधिकारी की देखा देखी सुपरवाइजर भी रहते हैं नदारद
- बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय कैसरगंज के हाल बेहाल, कागजों पर हो रही खानापूर्ति




कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय के व्यवस्था लगभग चरमराई सी हुई है। कागजों पर खानापूर्ति करते हुए एकमात्र लिपिक महेश के सहारे बाल विकास कार्यालय कैसरगंज चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन की नौनिहालों को पठन पाठन सीखने के साथ पोषण की व्यवस्था के क्रम में वृद्धि योजना बाल विकास पुष्टाहार चलाई जा रही है, लेकिन लापरवाह अधिकारियों के कारण यह व्यवस्था लगभग कागजों पर सीमित होकर रह गई है। कैसरगंज स्थित बाल विकास कार्यालय में बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ एक लिपिक व चार सुपरवाइजर तैनात हैं। सूत्रों की माने तो यहां की व्यवस्था राम भरोसे जैसे-तैसे चल रही है, कागजों पर केवल अभिलेख मजबूत किए जाते हैं। लेकिन क्षेत्र में किसी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण इन जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा नहीं किया जा रहा है। कार्यालय के मुखिया बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय ना आने की स्थिति देखते हुए अधिकांश सुपरवाइजर भी कार्यालय से नदारद रहते हैं। कार्यालय में अक्सर उनकी उपस्थिति पता करने पर लिपिक महेश द्वारा यही बताया जाता है कि साहब क्षेत्र में है या विकास भवन गए हुए हैं। जबकि नियमानुसार परियोजना अधिकारी को सर्वप्रथम कार्यालय आकर तैनात सुपरवाइजरों की उपस्थिति चेक करते हुए स्वयं की उपस्थिति दर्ज करानी होती है तथा भ्रमण पंजिका पर क्षेत्र में जाने का पूर्ण विवरण देना होता है। लेकिन साहब इन सब बातों को योगी शासन की मंशा से बेखौफ नजरंदाज करते हुए अपना पता ठिकाना कार्यालय में न देकर कहीं और रखते हैं। इनकी देखा देखी सुपरवाइजर भी महीने में अक्सर गायब रहते हैं। बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय कैसरगंज में महिलाओं की सहभागिता होने के बाद अक्सर वहां पुरुष ही भ्रमण करते दिखाई देते हैं। अब ऐसे में उक्त विभाग की स्थिति का आलम क्या होगा या विचारणीय है। मीडिया कर्मियों द्वारा जानकारी करने पर लिपिक महेश द्वारा रटा-रटाया जवाब दिया गया की साहब विकास भवन गए हैं। एक सुपरवाइजर छुट्टी पर हैं बाकी तीन क्षेत्र में गई हैं। लेकिन उपस्थिति पंजिका कर एक सुपरवाइजर को छोड़कर बाकी किसी के हस्ताक्षर नहीं मिले ना ही भ्रमण पंजिका पर साहब के सीन के हस्ताक्षर मिले।

## वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु की कामना

अमन लेखनी समाचार /फैजान



कैसरगंज, बहराइच। सोमवार को क्षेत्र में वट सावित्री व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए वट वृक्ष बरगद के नीचे विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की।महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर पूजा सामग्री मिट्टी का कलश, गुड़, भीगे चने, आटे से बनी पूड़ी, कुमकुम, रोली, मोली, फल, धूप, घी का दीपक, खरबूजा, जल से भरा लोटा और हाथ का पंखा के साथ वट वृक्ष की जड़ में जल चढ़ाया। इसके बाद 12 परिक्रमा करते हुए मौली धागा वृक्ष के चारों ओर लपेटा और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। पूजन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया। गया।स्थानीय महिलाओं पूनम रानी, पूर्णिमा, पारूल लबली, नेहा, कविता, किरन और सोनी, नीलू ने बताया कि इस व्रत से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वट सावित्री व्रत की कथा के अनुसार सावित्री ने अपने तप भक्ति और दृढ़ संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। यह कथा स्त्री के समर्पण, प्रेम और साहस का प्रतीक मानी जाती है। इस वर्ष वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या के दिन पड़ा, जो एक दुर्लभ और अत्यंत शुभ संयोग माना जाता है। इस दिन व्रत रखने से पति की दीघार्यु, वैवाहिक सुख और पारिवारिक समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूजन विधि में वट वृक्ष की पूजा, कथा श्रवण, परिक्रमा और सास का आशीर्वाद लेना शामिल है। व्रत का समापन वट वृक्ष की कोंपल खाकर किया गया।

## पारले चीनी मिल क्षेत्र के प्रगतिशील किसानो की टोली ने किया क्षेत्र का भ्रमण



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। पारले चीनी मिल क्षेत्र के 15 किसानों की एक टोली ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विवेक कुमार चौधरी के नेतृत्व में उप मुख्य प्रबंधक वहाजुद्दीन अहमद के साथ चिलवरिया चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया तथा गन्ने की उन्नतिशील प्रजातिया, पेड़ी प्रबंधन, फसल में शस्य क्रियाए, आदि का अध्ययन किया। खेत मालिकों से विधिवत जानकारी ली। ग्राम- गोडरिया में कृषक राम धीरज के खेत में को0 शा0 0118 की पेड़ी प्रबंधन का कार्य देख किसान के कार्य की सराहना की। धर्मपुर में सुनील कुमार के यहा 0118 व 14201 के प्लाट का भ्रमण किया। ग्राम अहिरौरा व राम सिंह गोविन्दापुर के प्लाट पर पेड़ी प्रबंधन व कोलख0 16202 के पौधा प्लाट का भ्रमण किया। चिलवरिया चीनी मिल के गन्ना हेड धर्मवीर सिंह ने भ्रमण के समय पूरा सहयोग दिया। राजकीय गन्ना प्रवेक्षक पी0 एन0 तिवारी व चन्द्रशेखर पान्डेय भी साथ में मौजूद रहे।

## तहसील सभागार पयागपुर व नानपारा में सम्पन्न हुआ नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

### 110 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले नियुक्ति पत्र

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। तहसील सभागार पयागपुर में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी द्वारा ब्लाक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पयागपुर समय प्रसाद मिश्रा के साथ बाल विकास परियोजना हुजूरपुर अन्तर्गत नवचयनित 13, पयागपुर की 08, विशेश्वरगंज की 19 व जरवल की 08 कुल 48 कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर, तहसीलदार पयागपुर, नोडल अधिकारी उपायुक्त मनरेगा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी पयागपुर, विशेश्वरगंज व हुजूरपुर अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के परिजन मौजूद रहे। इसी प्रकार तहसील सभागार नानपारा में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा ब्लाक प्रमुख बलहा, नवाबगंज व शिवपुर के साथ बाल विकास परियोजना बलहा अन्तर्गत नवचयनित 18, शिवपुर की 24 व नवाबगंज की 20 कुल 62 कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी बलहा, सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के परिजन मौजूद रहे।

## समर कैम्प मे बौद्धिक व शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के सरकारी विद्यालयों मे समर कैम्प मे छात्र-छात्राओं कों अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से दक्षता के गुण सिखाए जा रहें है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं कों योगाभ्यास, राष्ट्रीय एकता, जीवन कौशल, जल संरक्षण, विज्ञानं और जीवन परक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों मे दक्षताएं विकसित कराई जा रही है। उच्च प्राथमिक विद्यालय बसभरिया व बरगदहा मे प्रशिक्षक के रूप मे सुभाष यादव, विनय सिंह एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बरगदहा मे अजीत सिंह द्वारा समर कैम्प के माध्यम से बच्चों मे जीवन कौशल के साथ भारतीय संस्कृति तथा योग- व्यायाम के महत्व कों बताया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद समर कैंप के माध्यम से विविध रचनात्मक और खेलकूद इत्यादि संबंधित गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। समर कैम्प मे बच्चे बढ़-कर कर उत्सुकता पूर्वक प्रतिभा कर रहे हैं।

## सिंधी पंचायत बहराइच के कुमार सत्या बने अध्यक्ष, विशाल बने महामंत्री

### भानीरामका धर्मशाला में आयोजित हुई सिंधी समाज की बैठक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। पूज्य सिंधी पंचायत बहराइच की एक बैठक भानीरामका धर्मशाला में आयोजित हुई जिसमें सिंधी समाज बहराइच द्वारा अपने आराध्य भगवान झूलेलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर उनकी आरती की गई। इस अवसर पर सिंधी समाज द्वारा कुमार सत्या को पूज्य सिंधी पंचायत बहराइच का अध्यक्ष चुना गया। विशाल रूपानी का महामंत्री के पद पर चयन हुआ, उपाध्यक्ष के पद पर मुन्ना सत्या और फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के बीडी लखमानी, कोषाध्यक्ष सोनू कोटवानी, ऑडिटर लोकेश तोलानी, संरक्षक पूर्व नगरपालिका चेयरमैन कन्हैया लाल रूपानी, सत्य प्रकाश तोलानी, घनश्याम दास लखमानी, विशन रूपानी एवं रमेश तलरेजा मनोनीत किये गए। इस अवसर पर चुने गए अध्यक्ष कुमार सत्या ने सिंधी समाज के कार्य में विशेष सहयोग करने के लिए प्रदीप चावला, ओम प्रकाश रूपानी एवं भीम सेन रूपानी का चयन करते हुए सभागार में उपस्थित बहराइच के सिंधी समाज को अपने संबोधन में कहा कि बहराइच के सिंधी समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वो उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जगदीश सत्या, सुभाष सत्या, आनंद सत्या, गोपाल कोटवानी, दीपक फतवानी, कैलाश लखमानी, अमन लखमानी, गिरीश लखमानी, किशोर लखमानी, केशव लखमानी, प्रेम रूपानी, लालचंद रूपानी, नवीन कोटवानी समेत बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बुर्का पहनकर युवती से मिलने पहुंचा युवक

### अलीगढ़ में पार्क में अश्लीलता करने का आरोप, कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, जवाहर पार्क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक बुरका पहनकर युवती से मिलने पहुंचा। दोनों पार्क में बैठकर बात कर रहे थे और युवक बुरका पहने हुआ था। देखने में ऐसा लग रहा था कि दोनों युवतियां ही हैं। लोगों का आरोप है कि बुरका पहनकर बैठा युवक अपने साथ बैठी युवती के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था, जिसके कारण लोगों को संदेह हुआ। पार्क में टहलने आने वाले लोग भी उसे देखकर असहज महसूस कर रहे थे, जिसके बाद लोगों ने उसका वीडियो बना लिया और पार्क से बाहर जाने को कहा। पार्क में घूम रहे लोगों ने जब युवक को आपत्ति जनक हरकतें करते देखा तो वह उसके पास पहुंच गए। उन्होंने युवक को गलत हरकतें करने से मना किया। लोगों के आने के बाद युवक ने उनके सामने ही बुरका उतार दिया। यह सारी घटना वीडियो में कैद हो गई। लोगों ने इस आपत्ति जनक घटना के वीडियो को सोशल मीडिया और एक्स पर ट्वीट करके कार्रवाई की मांग की है। जिससे सार्वजनिक स्थान और पार्क का माहौल खराब न हो और लोग अपने परिवार के साथ वहां आ जा सके। वहीं दूसरे ओर लोग आरोपी युवक के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा नेता जवाहर पार्क की देखरेख करने वाली कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत इन दिनों जवाहर पार्क की देखरेख का जिम्मा एक निजी कंपनी के पास है।

वह रुपए लेकर लोगों को इस तरह की आपत्ति जनक हरकतें करने की छूट दे देते हैं। इसलिए तत्काल इनका टेंडर निरस्त होना चाहिए। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में किसी तरह की लिखित तहरीर या शिकायत नहीं मिली है। अगर कोई लिखित शिकायत प्राप्त होगी तो मामले की जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बेसिक शिक्षा की विभिन्न योजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकर्पण एवं शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

- विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण
- सम्मानित किये गये शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक



बहराइच। लोक भवन, लखनऊ में आयोजित वृहद समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण/शिलान्यास/शुभारम्भ किया गया तथा शिक्षा विभाग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे निपुण घोषित हो चुके विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण, टैबलेट वितरण एवं विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले प्रधानाध्यापकों/शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं वर्तमान शैक्षिक सत्र में नवाचार के रूप प्रारम्भ किये गये समर कैप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक/शिक्षामित्र/अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास भवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा कार्यक्रम में समर कैंप, पीएम श्री विद्यालय, निपुण विद्यालय के अंतर्गत ब्लॉक वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 42 शिक्षकों को भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र द्वारा अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र तथा जूनियर हाईस्कूल के 05 शिक्षकों को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। जबकि विकास खण्ड तेजवापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कमोलिया खास की आँचल श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान डीबीटी के अंतर्गत अभिभावकों के खातों में धनराशि का अंतरण, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए 853 टेबलेट का वितरण, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के अंतर्गत पयागपुर में विद्यालय का शिलान्यास और मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के अंतर्गत ब्लाक तेजवापुर में प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक का अत्याधुनिक विद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद हेतु जूनियर हाईस्कूल में 853 शिक्षकों के लिए टैबलेट प्राप्त हो गये हैं। उन्होंने बताया कि टैबलेट वितरण के माध्यम से जहां सभी विद्यालयों को डिजिटल इंडिया से जोड़ा जा रहा है वहीं पर विद्यालयों के समस्त गतिविधियों को ऑनलाइन संचालित किए जाने में मदद मिलेगी। बीएसए ने बताया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को उच्चीकृत करने पर बल दिया गया। जिसके अंतर्गत ब्लाक तेजवापुर में व चितौरा में दो विद्यालयों को उच्चीकृत किया गया है तथा मिहींपुरवा और शिवपुर में अतिरिक्त डॉरमेट्री की व्यवस्था की गई है। जिससे वहां के बच्चियों को सुरक्षित और बेहतरीन सुविधा के साथ आवासीय व्यवस्था प्रदान की जा सके। इस अवसर पर वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश वर्मा सभी ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी तथा विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए मांगी दुआ




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं।इस व्रत को वट सावित्री व्रत के नाम से जाना जाता है। कई जगह ये उपवास ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन रखे जाने का विधान है।इस दिन वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों व पत्तियों में भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। व्रत रखने वालों को मां सावित्री और सत्यवान की इस पवित्र कथा को सुनना जरूरी माना गया है। सुहागिने जेष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को पति के दीर्घ आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा की जाती है।इसी क्रम में शहर व ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही सुहागिनें वट वृक्ष के पूजन अर्चन करते हुए देखी गयी। वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति के अच्छे स्वास्थ्य व दीघार्यु के लिए प्रार्थना की गयी।

## संक्षेप

### पुलिस ने चेन लुटेरे को दौड़ाकर गोली मारी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने मुठभेड़ में एक लुटेरे को अरेस्ट किया है। जिसके पैर में पुलिस ने दौड़ाकर गोली मारी है। पुलिस ने मौके से एक लूटी हुई चेन, एक तमंचा और बाइक बरामद की है। पकड़े गए बदमाश का नाम तालिब है। जिसने पूछताछ में बताया कि मैं अपने साथी के साथ लूट करता और उसके बाद दिल्ली भाग जाता था। एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शालीमार गार्डन पुलिस डीएवी कट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान 2 युवक वजीराबाद रोड की तरफ से आते दिखाई दिए। जिनको चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया, यह दोनों नहीं रुके और अपनी बाइक पीछे मोड़कर वजीराबाद रोड की तरफ भागने लगे। पुलिस ने दोनों का पीछा किया। इस बीच दोनों बदमाश बाइक छोड़कर भागने लगे। जहां पुलिस ने जबावी फायरिंग में एक के पैर में गोली मारी। घायल से पुलिस ने पूछताछ की। दूसरे फरार बदमाश का सुराग नहीं लगा। दोनों एक साथ मिलकर लूट करते थे। घायल तालिब उर्फ टिक्की पुत्र मरहूम मेहरबान अली निवासी ईदगाह के सामने पसोंडा थाना टीलामोड गाजियाबाद का रहने वाला है। 25 वर्षीय तालिब 9 वीं फेल है। जिस पर दिल्ली और गाजियाबाद में लूट के 4 केस दर्ज हैं।

### सराफा व्यापारी को दुकान से ले गई रोहटा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, भगत सिंह मार्केट से एक सराफा व्यापारी को रोहटा पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने व्यापारी पर चोरी का माल खरीदने और बेचने का आरोप लगाया है। इस कार्रवाई के विरोध में सैकड़ों व्यापारियों ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी हाजी रहीमुद्दीन अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान रोहटा पुलिस वहां पहुंची। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस सराफा व्यापारी को जबरन अपने साथ ले गई। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। पुलिस ने व्यापारियों को धमकाकर वहां से हटा दिया। इसके बाद व्यापारी एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के कार्यालय पहुंचे। व्यापारी नेता जीतू नागपाल ने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस उनका उत्पीड़न कर रही है।

### नोएडा में किसान पर हमला

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में रामपुर खादर गांव के एक किसान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 7 अप्रैल को हुई थी, जब पीड़ित अनिल अपने खेत से ट्रैक्टर लेकर घर जा रहे थे। पड़ोसी नकुल और अजय ने अपने परिवार के 2 अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों को उनका एक पैर काटना पड़ा।

## पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब

### बुढ़वां गांव में अंत्येष्टि स्थल का हुआ शिलान्यास




अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। वर्ष 2027 के आगामी चुनाव से पहले विधानसभा एवं पंचायत स्तर के चुनाव की सर गर्मी काफी तेज दिख रही है जगह-जगह वर्तमान सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा खुली बैठक शिलान्यास भूमि पूजन लोकार्पण इत्यादि कार्यक्रम का मानो पंचवर्षीय त्यौहार आ गया है समूचे 5 वर्षीय कार्यकाल के अंतिम पड़ाव के नजदीक पहुंचते ही आगामी चुनाव की मजबूती के लिए जनप्रतिनिधि मैदान पर उत्तर पड़े हैं जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वा में अंत्येष्ट स्थल का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल एवं ब्लाक प्रमुख सुशीला सिंह द्वारा किया गया अंत्येष्टि स्थल कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान बुढवां सरोज कुमार द्वारा आयोजित किया गया जहां पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक तथा ब्लॉक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया वहीं बुढ़वां तथा नोनारा गांव के बीच स्थित भूमि पर अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास जनप्रतिनिधियों समेत क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में संपन्न कराया गया इसके पश्चात चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली कस्बे के एक गेस्ट हाउस में अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक समेत जनपद एवं अंतर जनपद के जनप्रतिनिधि मौजूद हुए कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में बांदा जनपद के निर्वातमान जिला अध्यक्ष संजय सिंह भारतीय जनता पार्टी के फतेहपुर जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योती प्रवीण जिला पंचायत सदस्य जयंती वर्मा समेत क्षेत्रीय विधायक एवं ब्लाक प्रमुख का मौजूद लोगों ने भव्य स्वागत किया वहीं दीप प्रजनन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का विस्तृत वर्णन करते हुए लोकतंत्र सेनानी तथा महिला पदाधिकारियों समेत पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया कार्यक्रम का कुशल संचालन आशुतोष अग्निहोत्री द्वारा किया गया वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता समाजसेवी शिवा गुप्ता मंसूर पठान सत्य प्रकाश शुक्ला महेश चौरसिया जहानाबाद सभासद समेत जनपद के अमौली देवमई जहानाबाद खजुहा आदि अनेक विकास खण्डों से जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक भारी संख्या में मौजूद रहे

## कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित हुई अध्यापिकाएं

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण देखने के साथ-साथ सम्मान समारोह आयोजित हुआ आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बांदा जनपद के प्रभारी राज्य मंत्री अजीत कुमार पाल तथा जनपद के जिलाधिकारी रवींद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा जगत को महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया प्रांगण अंतर्गत मौजूद मुख्य अतिथियों के साथ जनपद की बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी खागा विधायिका कृष्णा पासवान अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल आदि द्वारा जनपद की होनहार शिक्षिकाएं जैसे जनपद के अमौली विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय अमौली की अध्यापिका प्रतिमा उमराव प्राथमिक विद्यालय बेहटा खुर्द की शिक्षिका रश्मि उत्तम देवरी बुजुर्ग की सुनीता देवी को समर कैंप संचालन निपुण बनाने हेतु तथा स्मार्ट क्लास संचालन के कार्य को उत्कृष्ट देखते हुए सम्मानित किया गया सम्मान पाकर सभी शिक्षकों के चेहरे खिल उठे वही सभी ने मुख्य अतिथियों समेत मौजूदा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया

## विधायक ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम पंचायत बुढ़वा में अंत्येष्टि स्थल का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। अमौली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वा में अंत्येष्टि स्थल के शिलान्यास के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने भूमि पूजन कर अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास किया विधायक श्री पटेल ने विधानसभा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्य एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी ब्लॉक सुशीला सिंह ने महिलाओं शिक्षा के प्रति जागरुक करने के साथ ही उपस्थित जनसमुदाय को सामाजिक एवं राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया बीडीओ सुरेश शिवहरे ने सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख खजुहा सुतीक्ष्ण सिंह एडियो पंचायत विनोद कुमार ग्राम प्रधान सनोज कुमार विवेक कुमार अवस्थी बबलू मिश्रा राजेंद्रर सिंह सतीश वर्मा राजू प्रधान पप्पू सविता धर्मपाल समेत स्थानीय ग्रामीण बिमलेश आदि मौजूद रहे

## मुर्गियों का भोजन बना सरकारी चावल

### गोना गांव में खुले में पड़ा ग्रामीणों का राशन, डीलर पर कार्रवाई की मांग



अमन लेखनी समाचार

बागपत, गोना गांव में सरकारी राशन की बबार्दी का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में मुर्गियां सरकारी चावल को चुगती दिख रही हैं। यह चावल गरीब परिवारों को वितरित किया जाना था। वीडियो गोना गांव के राशन डीलर से जुड़ा बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि सरकारी चावल खुले में पड़ा है। वहां कई मुर्गियां चावल चुग रही हैं। इससे राशन की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने इस लापरवाही को गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बताया है। उन्होंने राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वे कार्रवाई का आश्वासन दे रहे हैं।

## फर्नीचर कारोबारी से मांगी 50 लाख की रंगदारी

### घर में भेजी दो चिट्ठियां, 24 घंटे में पकड़ा गया आरोपी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, फर्नीचर कारोबारी को डाक से 2 लेटर भेजकर 50 लाख रुपए रंगदारी मांगी गई। आरोपी ने फर्नीचर व्यापारी को लेटर डाला। उसमें लिखा कि 50 लाख रुपए भेज दो नहीं तो गोली मार दी जाएगी। व्यापारी ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदिरा चौकी निवासी फजलुर्रहमान ने थाना कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उन्हें स्पीड पोस्ट के माध्यम से दो लेटर प्राप्त हुए, जिनमें 50 लाख रुपए की मांग की गई थी। लेटर में पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। शिकायत के आधार पर थाना




कोतवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीओ कोतवाली के निर्देशन में एक टीम गठित कर मामले की जांच शुरू हुई। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। इसके आधार पर आरोपी की पहचान कर सकी। आरोपी की पहचान नसीर अहमद के रूप में हुई। पुलिस ने पीड़ित से इसकी पहचान कराई। इसके बाद उसे खत्ता रोड से अरेस्ट कर लिया।

## अवैध शराब और विस्फोटक सामग्री नष्ट



पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शराब और विस्फोटक सामग्री को किया नष्ट

अमन लेखनी समाचार

बागपत, खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 12 मुकदमों से जब्त 1641 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया है। साथ ही एक अन्य मामले में जब्त 59 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री को भी नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान खेकड़ा कोतवाली प्रभारी कैलाश चंद शर्मा, तहसीलदार खेकड़ा और सीओ खेकड़ा मौजूद रहे। पुलिस ने जेसीबी की मदद से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदा। इसमें अवैध शराब और विस्फोटक सामग्री को नष्ट किया गया। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब और विस्फोटक सामग्री के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अवैध शराब पर अंकुश लगाने में सफल रही है। सभी सामान न्यायालय के आदेश के बाद ही नष्ट किया गया है।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

- एक बदमाश को गोली लगी, दो गिरफ्तार; चोरी की बाइक और हथियार बरामद

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, दादरी में पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी, जबकि दो अन्य को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। दादरी पुलिस ज्यू 3 नाले के पास चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर आते दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान करन (21) के रूप में हुई। वह ग्राम रोजा जलालपुर, थाना बिसरख का रहने वाला है। अन्य दो बदमाशों में हर्ष (21) समाधीपुर दादरी और पीयूष बंसल (19) ग्राम सैथली, थाना जारचा का निवासी है। पुलिस ने बदमाशों से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, दो अवैध चाकू, एक लूटा हुआ मोबाइल और चोरी की एक स्प्लेंडर बाइक बरामद की। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि ये शातिर बदमाश चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे। घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

## फरार महिला घर लौटी तो पति ने डाला तेजाब

### गाजियाबाद में महिला प्रेमी के साथ हुई थी फरार, तेजाब डालने वाले पति को भीड़ ने धुना

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, कविनगर थाना क्षेत्र में शास्त्रीनगर चौराहे पर 36 वर्षीय महिला के ऊपर उसके पति ने तेजाब डाल दिया। जैसे ही युवक तेजाब डालकर भागने लगा तो भीड़ ने उसे पकड़ लिया और जमकर पीटा। भीड़ ने आरोपी के कपड़े भी फाड़ दिए, मौके पर पहुंची कवि नगर थाना पुलिस ने पहले महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई। गाजियाबाद के कवि नगर थाना क्षेत्र में शास्त्रीनगर के पास एक एंकलेव की रहने वाली महिला कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। महिला के पति ने उसे काफी तलाशा लेकिन वह नहीं मिली। अब महिला अपने घर लौट आई तो पति ने उसे शब्द



कहे। यहां तक बाहर रहने की धमकी भी दी। दोपहर को पति ने अपनी पत्नी के ऊपर शास्त्रीनगर चौराहे के पास बोतल से तेजाब डाल दिया। महिला का चेहरा और उसके कपड़े भी झुलस गए। जहां लोगों ने महिला के पति को भागते समय पकड़ लिया और सड़क पर गिराकर बुरी तरह से धुन दिया। हंगामा की स्थिति बनी तो कविनगर इंस्पेक्टर योगेंद्र मलिक भी मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पर एसीपी स्वतंत्र कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस आरोपी पति से पूछताछ कर रही है। एसीपी स्वतन्त्र कुमार सिंह कविनगर ने बताया कि थाना कविनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी पर ज्वलनशील पदार्थ डालने की घटना की है।

इस सम्बन्ध में पुलिस कार्यवाही कर रही है। जांच में सामने आया है कि महिला कुछ दिन पहले अपने घर से चली गई थी और वह वापस घर आई, इसी से नाराज होकर पति ने उस पर ज्वलनशील पदार्थ डाला है।

## ऑपरेशन सिंदूर की याद में तिरंगा यात्रा

### ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर में शहीदों को श्रद्धांजलि, देशभक्ति के नारे लगे




अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को याद करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिरंगा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह लोग यात्रा में शामिल हुए और भारत माता के जयकारे लगाए। बिलासपुर नगर अध्यक्ष पति संजय तुगलपुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान की अमर गाथा है। कार्यक्रम में शामिल लोगों का कहना था कि इस आयोजन ने शहीदों के सम्मान को नया आयाम दिया है। साथ ही युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को मजबूत किया है। यात्रा का समापन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में हुआ। यह तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के अमर जवानों की स्मृति को जीवंत रखने का प्रयास है।

## धोखाधड़ी की शिकायत करने गई महिलाओं का हंगामा

### पुलिस चौकी पर अभद्रता का आरोप, दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार

रमोदीनगर, एक दर्जन से अधिक महिलाएं गोविंदपुरी पुलिस चौकी पहुंचीं। महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी के एक युवक ने सरकारी योजना का झांसा देकर उन्हें 50 हजार रुपए के कम ब्याज वाले लोन का लालच दिया। एक अन्य व्यक्ति ने कॉलोनी की 15 महिलाओं से आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए।

महिलाओं का आरोप है कि उनके नाम से कई बैंक खाते खोल लिए गए। इन खातों से हर महीने लाखों रुपए का लेन-देन हो रहा है। बैंक में जानकारी मांगने पर अधिकारियों ने पासबुक लाने को कहा। महिलाओं को आशंका है कि



उनके खातों का इस्तेमाल काले धन को सफेद करने में किया जा रहा है। पुलिस चौकी में शिकायत के दौरान चौकी प्रभारी पर एक गर्भवती महिला से अभद्रता करने और उसका मोबाइल छीनने का आरोप लगा। इससे नाराज महिलाओं ने दोपहर दो बजे दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया। मोदीनगर थानाप्रभारी प्रशांत त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे

## तूफान में मारे गए लोगों के घर पहुंचे बीजेपी मंत्री

- गाजियाबाद में पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद दी, डीएम बोले- प्रशासन भी साथ देगा

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व जिला प्रभारी असीम अरुण गाजियाबाद पहुंचे। मंत्री असीम अरुण ने 21 मई को आए आंधी-तूफान के कारण मारे व्यक्तियों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मौके पर डीएम दीपक मीणा ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद कर रहा है। इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण के साथ विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपो महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, रजापुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी डैनी, महानगर महामंत्री सुशील गौतम, जिला महामंत्री जितेन्द्र चित्तौड़ा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, अमित रंजन व पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। असीम अरुण पहले मधुबन बापूधाम पहुंचे और मुजम्मिल पुत्र उस्मान निवासी ग्राम रसूलपुर सिकरोड के परिजनों से मिले, मुजम्मिल की मौत पेड़ गिरने से हुई थी। इसके बाद खोड़ा में भानु देवी के यहां पहुंचे, भानु देवी की मृत्यु दीवार गिरने से हुई थी। मंत्री असीम अरुण ने कहा उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सेवा ही परम धर्म के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। आपदा की इस घड़ी



में सरकार शोक-संतप्त परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। राहत और मुआवजा राशि शीघ्र पीड़ितों को पहुंचे। यह केवल प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि हमारा मानवीय कर्तव्य है। जिला प्रशासन अभी तक पूरा सहयोग पीड़ित परिवारों का किया है।

# पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों व प्रमुख मार्गो आदि पर की जा रही चेकिंग।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# तालाब में उतराया मिला अज्ञात किशोरी का शव



**बभनी थाना क्षेत्र के रंदह गांव का मामला**

अमन लेखनी समाचार

बभनी। स्थानीय थाना क्षेत्र के रंदह गांव में रविवार को देर शाम तालाब में अज्ञात किशोरी का शव उतराया हुआ मिला। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल मौके पर पहुंच गए और गांव वालों तथा आसपास के लोगों से पहचान कराया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार रंदह गांव में रविवार को देर शाम तालाब में एक किशोरी का शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। हालांकि किशोरी का पहचान नहीं हो सका। ग्रामीणों के अनुसार छत्तीसगढ़ से किशोरी के गायब होने की खबर लगी थी। लोगों ने छत्तीसगढ़ की किशोरी होने का अनुमान लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ बार्डर के गांवों में भी सूचना कराया गया है। खबर लिखे जाने तक किशोरी के शव का शिनाख्त नहीं हो सका था। पुलिस ने शव को सुरक्षित रखवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि आस पास के गांवों के साथ छत्तीसगढ़ बार्डर के गांवों में भी सूचना करा दिया गया है। सुबह तक हो सकता है लोगों को सूचना मिलने पर पता चल जाए।

# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 हेरोईन तस्कर गिरफ्तार

**कब्जे से 500 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये), 03 मोबाइल फोन व नगद रुपये 2000/- बरामद।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु व मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त गिरोह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.05.2025 को समय 21.05 बजे मुखबिर की सूचना पर एसओजी व थाना घोरावल पुलिस की संयुक्त टीम के अथक प्रयास से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 नफर अभियुक्तों 01. पुष्पराज यादव उर्फ श्याम यादव पुत्र बाबूलाल यादव निवासी जैत थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 28 वर्ष 02. आफताब पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम बहुअरा पुरानी बस्ती थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष को प्लास्टिक की 02 थैलियों में 500 ग्राम हेरोईन (कीमत रुपये लगभग 50 लाख), 03 अदद मोबाइल फोन व 2000/- रुपये नगद के साथ थाना घोरावल क्षेत्र के करींबरांव मोड़ से गिरफ्तार किया गया इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना घोरावल पर मु0अ0सं0-101/2025 धारा 8/21/27ए ठऊढर अू३ का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तगणों के विरुद्ध टीम गठित कर कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने बतया कि हम दोनों को लखनऊ अकबरी गेट के पास से अंकल उर्फ मोहम्मद फैजान निवासी बाराबंकी ने हेरोईन दिया। आफताब से पूछने पर बताया कि अंकल उर्फ मोहम्मद फैजान से हमारा परिचय हमारे भैया बबलू खान उर्फ मोहम्मद उमर पुत्र नूर मोहम्मद जेल हाजिर होने से पहले करवाये थे और बताये थे कि जब तक हम जेल में रहेंगे तब तक श्याम यादव उर्फ पुष्पराज के साथ जाकर अंकल उर्फ मोहम्मद फैजान से हेरोईन लेकर धंधा करते रहना, वही हेरोईन हम लखनऊ अकबरी गेट के पास से अंकल उर्फ मोहम्मद फैजान से लेकर अपने ठिकाने रॉबर्ट्सगंज पर जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। पूछने पर यह भी बताया कि हम लोग घर लाकर हेरोईन को छोटे-छोटे पैकटों में भरकर रॉबर्ट्सगंज व रामगढ़ के क्षेत्रों में पीने वाले व फुटकर बेचने वालों को बेचते हैं। पहले यह मोहम्मद उमर उर्फ बबलू करवाते थे जब से वह जेल गए तब से मैं और श्याम यादव उर्फ पुष्पराज से मिलकर करवा रहा हूं, बेचने से जो भी मुनाफा होता है हम लोग आपस में बांट लेते हैं।

खास समाचार

# मेहनत लगन और अनुशासन के साथ कुपोषण दूर भगाने हेतु ऊर्जा से भरपुर नवनियुक्त आंगनबाड़ी बहनें करेंगी बदलाव का आगाज

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। विकास खण्ड सभागार घोरावल मे बाल विकास परियोजना अधिकारी के निर्देशन में बेहतर कार्य करने हेतु नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण बाल विकाश परियोजना अधिकारी मुकेश सिंह कुशवाहा द्वारा सभी नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को कार्यभार ग्रहण करने एवं उत्साहपूर्वक कार्य करने के लिए बधाई देते हुए पोषण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रेरित किया उक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पिरामल फाउडेशन से वीरेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा आंगनवाड़ी के समस्त कार्यों अनुपूरक पोषाहार वितरण, टिकाकरण, स्वास्थ जांच, स्वास्थ्य एवं पोषण परामर्श, संदर्भन, समेत बच्चों की वृद्धि निगरानी कुपोषित और अती कुपोषित बच्चों की पहचान समेत गर्भवती माता की जांच एवं देखभाल के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया एवं स्वास्थ्य विभाग से इउढट अखिलेश मौर्य द्वारा ग्राम स्वास्थ्य स्वक्षता एवं पोषण दिवस और रॉकेट लर्निंग के जनपद प्रतिनिधि ऋषिकेश प्रियदर्शी द्वारा साला पूर्व शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई उक्त कार्यशाला मे मुख्य सेविका सूर्यालता, राजकुमारी देवी, लीलावती देवी समेत पिरामल फाउंडेशन से फेलो अनामिका द्विवेदी ने सहयोग प्रदान किया।



# पुलिस ने शराब और चखना दुकानों पर जांच पड़ताल कर सुरक्षा का लिया जायजा



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के दिशा निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी चौराहे कस्बे में संचालित देशी विदेशी शराब और उसके बगल में संचालित चखना दुकानों पर रविवार रात पुलिस टीम द्वारा जाँच पड़ताल कर सुरक्षा और शांति ब्यवस्था का जायजा लिया गया। उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव की अगुआई में पुलिस जवानों ने बाजार में सबसे पहले पैदल फुटमार्च निकाला उसके बाद शराब दुकानों सहित चखना बेचने वालों के यहाँ बैठ कर शराब सेवन कर रहे लोगों की जांच पड़ताल कर संदिग्धों से पूछताछ तथा सुरक्षा एंव शांति ब्यवस्था के इंतजाम को परखा गया। इस दौरान कुछ पियक्कड़ों को फटकार भी लगाई गई तथा ब्यवसाई बंधुओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपनिरीक्षक श्री श्रवण कुमार यादव ने बताया कि यह पैदल गस्त और शराब चखना दुकानों की जाँच पड़ताल रूटीन कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया है। उन्हों ने बताया कि क्षेत्र में शांति ब्यवस्था के प्रति पुलिस सतर्क है कोई भी शराब सेवन कर कहीं उत्पात न मचाए इसके लिए पैदल गस्त और जांच पड़ताल तथा सन्दिग्ध लोगों से पूछताछ कर चखना और शराब बिक्रेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की विधिपूर्वक पूजा, पतियों की दीर्घायु की कामना

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। सोमवार को वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ व्रत रखकर वटवृक्ष की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाएं व्रत का संकल्प लेकर वटवृक्ष की छांव में एकत्रित हुईं। पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं ने पूजन सामग्री के साथ वटवृक्ष के चारों ओर धागा लपेटते हुए सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी और पूजा विधि संपन्न की। सुहागिनों ने माथे पर सिंदूर, हाथों में चूड़ियाँ और मांग में भरे सोलह श्रृंगार के साथ श्रद्धा-भाव से व्रत का पालन किया। व्रत करने वाली महिलाओं का कहना था कि यह व्रत नारी सशक्तिकरण और पति-पत्नी के अटूट संबंध का प्रतीक है। व्रत के समापन पर महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। यह पर्व श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति की गहराइयों को दशार्ता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी सुहागिन महिलाओं द्वारा पूरी आस्था से मनाया जाता है।

# अनपरा नाइट सर्कल क्रिकेट टूनार्मेंट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में AJ 11 बनी विजेता, KNIGHTS रही उपविजेता

**मुख्य अतिथि द्वारा विजेता/उपविजेता को ट्रॉफी की गई प्रदान।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अनपरा कालोनी के बुद्ध पार्क के मैदान रात्रिकालीन सर्कल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला AJ 11 और KNIGHTS टीम के बीच खेला गया जिसमे AJ 11 4 विकेट से विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए KNIGHTS की टीम ने 12 ओवरों मे 4 विकेट खोकर 72 रन बनाये जिसमे दिनेश पनिका उर्फ सोनू ने धमाकेदार 48 रनो की पारी खेली वहीं AJ 11 ने 10.3 ओवरों मे लक्ष्य को पूरा कर लिए और विजेता रही। फाइनल मुकाबले मे आकाश सचदेब ने तीन विकेट लिए वहीं अख 11 के असुरजीत ने दौ विकेट लिए प्रतियोगिता बेस्ट गेंदबाज आकाश सचदेव, बेस्ट बल्लेबाज मो आजम एवं प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट KNIGHTS टीम के दिनेश पनिका उर्फ सोनू रहे। प्रतियोगिता मे पधारे मुख्य अतिथि के रूप मे इं निखिल चतुर्वेदी महाप्रबंधक प्रशासन अनपरा तापीय परियोजना रहे। जिन्होंने खेल कूद को अति महत्वपूर्ण बताया खेल हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक साथ ही विद्युत्कर्मी इं खेलों के माध्यम से नए उत्साह की अनुभूति करते हैं जिससे निगम कार्य मे पुरे जोश के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन भी करते हैं प्रतियोगिता मे सभी खेले गए मैचों के मैन ऑफ द मैच रहे खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया तथा विजेता/उपविजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदान की गयी। प्रतियोगिता के सफल कार्यक्रम मे मुख्य रूप से इं चंद्र प्रकाश, इं महेंद्र सिंह, इं संजय सिंह, इं विजय कुमार दिनकर, इं पवन तिवारी, इं राम ज्ञान सिंह, इं प्रवीण वर्मा, इं सतीश यादव, इं असुरजीत शर्मा, इं प्रवीण कश्यप, इं शैलेश यादव, डॉ विशाल मोहन कुशवाहा, इं विष्णु देव झा, इं आकाश सचदेव, इं विशाल मिश्रा, प्रशांत उपाध्याय, नीलेश भारती समेत काफी लोग मौजूद रहे वही आयोजन समिति मे मुख्य आयोजक मे इंद्रसेन गौतम, विजेंद्र सिंह, सरंक्षक इं चंद्र प्रकाश, डॉ विशाल मोहन, विशाल शाही, शुभम वर्मा, संजय वाल्मीकि, घनश्याम भारती, देवव्रत, संजय प्रजापति, दीपक भारती, नागेंद्र वर्मा, रवि प्रकाश, मनोज लोधी समेत सैकड़ों की संख्या मे काफी दर्शक भी उपस्थित रहे।

# जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु जिन विभागों को जो भी लक्ष्य दिये गये हैं, वह उसके अनुरूप गड्ढा खुदाई का कार्य ससमय कर लें, हरीतिमा ऐप पर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत जीओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें, समस्त राजकीय, निजी स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों में उत्पन्न होने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट मानक के अनुसार निस्तारित किया जाये, उद्योगों द्वारा खतरनाक अपशिष्ट को नदियों व तालाबों में जाने से रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, खनिज परिवहन से उत्पन्न होने वाले फ्लाईऐस के नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, नदियों को स्वच्छ निर्मल व अविरल रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये, कृषि विभाग द्वारा सोन नदी के किनारे बसे गांवो में किसानो को आरगैनिंक प्राकृतिक खेती हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये। इस मौके पर डीएफओ राबर्ट्सगंज कुंज बिहारी वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कृषि अधिकारी हरेकृष्ण मिश्र, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# दो अभियुक्तों की कुल 1424000 रुपए की चल सम्पत्ति को किया गया कुर्क



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी सदर रणधीर कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन/नेतृत्व में चलाये जा रहे सम्पत्ति जब्तीकरण अभियान के क्रम में, धारा 14(1) गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 155/2024 धारा 3(1) गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त द्वारा अपराध कारित कर अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति को जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा पारित आदेश के क्रम में अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र रामअवध विहारी सिंह निवासी ग्राम बभनियांव पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, की अवैध रुप से अर्जित ट्रैक्टर वाहन वढ 64 अद 9060 (अनुमानित कीमत 05 लाख रुपये) व मोटर साइकिल वाहन सं0 वढ 64 अऊ 5412 एचएफ डीलक्स (अनुमानित कीमत 24000 रुपए) व अभियुक्त पीयूष चतुर्वेदी पुत्र राकेश कुमार चतुर्वेदी निवासी ग्राम नाको थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र की अवैध रुप से अर्जित पीकप वाहन (अनुमानित कीमत 09 लाख रुपए) को दिनांक 25.05.2025 को थाना पन्नूगंज पुलिस व थाना रायपुर पुलिस टीम द्वारा जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

# बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई चक्रवाती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की 2370वी जयंती एवं मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

अमन लेखनी समाचार

ओबरा। कुशवाहा समाज भवन में 25 मई को बड़े ही धूमधाम से जयंती मनाया जिसमें संचालन का दायित्व शेषनाथ सिंह एवं अनिल द्वारा किया गया। चंद्रगुप्त मौर्य जयंती के अवसर पर प्रियदर्शी अशोक मिशन के मुख्य वक्ता संजय कुमार मौर्य मुख्य अतिथि, भारतीय दूतावास मास्को रूस रह चुके विष्णुकांत कुशवाहा, राबर्ट्सगंज कुशवाहा समिति के अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, अनपरा सम्राट अशोक समिति के अध्यक्ष ई भरत सिंह मौर्य एवं तेज प्रताप मौर्य की उपस्थिति रहे। कुशवाहा समाज ओबरा के संरक्षक विश्वनाथ भगत, देव प्रकाश मौर्य, सुरेश मौर्य, गया नाथ कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, सर्वप्रथम चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जो कि मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि, संरक्षक और कुशवाहा समाज के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह द्वारा कराया गया। पुष्पार्पण के बाद सभी अतिथियों का इशिका और प्रियल द्वारा स्वागत गीत गाया गया। इसके बाद अतिथियों एवं संरक्षक महोदय को पुष्प माला पहनाकर और बैज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात सर्वप्रथम मंच पर इं भरत मौर्य, मोहन कुशवाहा, तेज प्रताप मौर्य का संबोधन कुशवाहा समाज में उपस्थित लोगों ने सुना और अपने इतिहास के बारे में जाना, इसके बाद मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विष्णुकांत के द्वारा प्रमुख रूप से 1 घण्टे का संबोधन किया गया। जिसे लोगों से कंठस्थ रूप से सुना और तालियों की गड़गड़ाहट से भवन के सभी लोगों ने कंठस्थ किया। देव प्रकाश मौर्य और सुरेश मौर्य द्वारा लोगो को संबोधित किया गया। अन्त संबोधन के पश्चात अनिल कुमार सिंह उपाध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ नागरिक समान के सूची क्रमशः इं आर सी मौर्य, नंदू सिंह, राम सिंह, शोभनाथ सिंह, प्यारेलाल मौर्य, इं सुरेश सिंह (सहायक निदेशक), राम नाथ कुशवाहा, गुलाब सिंह केमिस्ट, लक्ष्मी नारायण मेहता को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कुशवाहा समाज ओबरा मे इस वर्ष कुशवाहा रत्न शेषनाथ को दिया गया तत्पश्चात प्रतियोगी परीक्षा एवं हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि द्वारा संरक्षक द्वारा सभी को सम्मान दिया गया। पुरस्कार वितरण के पश्चात अमित कुमार सिंह द्वारा भव्य आयोजन का समापन की घोषणा की गई और सभी सदस्य एवं अतिथियों को भोजन ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी पदाधिकारियों अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह उपाध्यक्ष इं राकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष रमिता मौर्य, सचिव ईश्वर दयाल मौर्य, उपसचिव रामदेव मौर्य, उपसचिव योगिता सिंह, कोषाध्यक्ष आनदं शेखर मौर्य, लेखानिरीक्षक कृष्णानंद सिंह, निर्मल सिंह, संगठन सचिव गौतम सिंह कुशवाहा, राम पदारथ मौर्य, सुषमा कुशवाहा, राधिका देवी, श्वेता सिंह प्रचार सचिव राजेश कुमार सिंह, पवन मौर्य, मनोरमा मौर्या, रेखा मौर्य, राजेश मौर्य, मीडिया प्रभारी अरविन्द कुशवाहा एवं अन्य मुख्य सदस्य राजेंद्र प्रताप मौर्य, ओ पी मौर्य, कैलाश नाथ मौर्य अध्यक्ष कुशवाहा समिति गुजरात, इं सुभाष, इं सुरेंद्र कुशवाहा, सूर्यनाथ सिंह, परमानंद सिंह इं दशरथ सिंह, संतोष मौर्य, शिवशंकर मौर्य, भंते, अमरजीत मौर्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे जिससे कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया।

# रालोद राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का मैनपुरी में हुआ भव्य स्वागत



अमन लेखनी समाचार

मैनपुरी। संगठन एवं सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर चलाए जा रहे अपने अभियान के तहत राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का आज करहल जनपद मैनपुरी पहुंचने पर पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्री दुबे ने कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर पूरे जनपद में अभियान चलाए तथा आने वाले जिला पंचायत के चुनाव की तैयारी करें पार्टी जिला पंचायत का चुनाव लड़ेगी उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पूर्वांचल बुंदेलखंड एवं मध्य उत्तर प्रदेश में भी पार्टी को पश्चिम उत्तर प्रदेश की तरह मजबूत बनाने में लगे हैं और 2027 को लेकर पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। मथुरा में कल दिनांक 27 मई को राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सम्मिलित होने जा रहे अनिल दुबे ने कहा कि बैठक में राजनीतिक आर्थिक जातीय जनगणना महिला आरक्षण सक्रिय सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी होंगे। श्री दुबे के साथ रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोकदल जनपद मैनपुरी के अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे की अगुवाई में हुए स्वागत एवं अभिनंदन के लिए श्री दुबे ने आभार व्यक्त किया।

# मलेरिया जांच कैम्प का किया गया आयोजन



**मलेरिया के प्रति लोगो किया गया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। विकास खंड बभनी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी के तत्वावधान में गांव जिगनहवां में सोमवार को मलेरिया परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 53 ग्रामीणों की जांच की गई। मलेरिया रोग फैलने से पहले स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डा. राजन के निर्देश पर डा. अरविन्द के नेतृत्व में सीएचसी की टीम ने गांव जिगनहवां में पहुंच मलेरिया शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 53 ग्रामीणों की निशुल्क मलेरिया परीक्षण कर दवा वितरित की गई। परीक्षण में किसी में मलेरिया की पुष्टि नहीं हुई। इसके अलावा बुखार, खांसी, जुखाम मरीज दवा वितरण किया गया। एंबेड से रवि शंकर पाण्डेय ने ग्रामीणों को घर व आसपास साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देंगे, रात को सोते समय मच्छरदानी लगाने एहतियात बरतने की सलाह दी। साथ साथ ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड भी बनाये गये इस अवसर पर डॉ डी के भारती, एएनएम कमलेश कुमारी प्रीति आशा विलासपति और आंगनबाड़ी साथ में ग्रामीण मौजूद रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# जारी है 'रेड 2' का जलवा वीकेंड में बढ़ा कलेक्शन

**मुंबई।** अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म 'रेड 2' सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज हुई थी। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को राजकुमार गुप्ता के डायरेक्ट किया है। मूवी में अजय और रितेश की एक्टिंग ने हर किसी का दिल जीता। फिल्म की कहानी को क्रिटिक्स के भी बेहतरीन रिव्यू मिले हैं। 'रेड 2' को रिलीज हुए 25 दिन हो गए हैं। फिल्म के रिलीज के इतने दिनों बाद भी ये शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच अब 'रेड 2' के चौथे शनिवार के कलेक्शन सामने आ चुके हैं। शनिवार को घरेलू बॉक्स पर 1.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। ऐसे में अब इसका टोटल कलेक्शन 159.70 करोड़ रुपए हो चुका है।



## लाइफ Style

# आलिया

## ब्लू स्टोन से सजे गाउन में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने बीती रात कान में अपना शानदार डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल गाउन में पहली बार कान की रेड कार्पेट पर उतरने वाली आलिया का कान से दूसरा लुक भी सामने आया है। इस बार आलिया ब्लैक ड्रेस में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आई है।

अपने दूसरे लुक में आलिया नीले रंग की ज्वेलरी से सजे जेम स्टडेड अरमानी प्रिवी गाउन में नजर आईं। आलिया के इस लुक को रिया कपूर ने स्टाइल किया था। आउटफिट आलिया भट्ट को काफी स्लीक लुक दे रहा था। गाउन के ऊपरी भाग में ब्लू कलर के जेमस्टोन लगाए गए हैं और बाकी के गाउन को छोटे-छोटे चमकदार स्टोन्स से सजाया गया है। आलिया भट्ट ने इस ब्यूटिफुल गाउन के साथ मैचिंग कलर के ब्लूस्टोन इयर रिंग्स पहने थे। इसके साथ ही आलिया ने मैचिंग हेडपीस पहना था और एक डायमंड रिंग भी पहनी थी।

इस दौरान एक्ट्रेस ने नो मेकअप लुक कैरी करने का तय किया था, जिसमें उन्होंने न तो कोई बोल्ड लिपस्टिक लगाई और न ही हाई कलर टोन लिया। इससे पहले आलिया भट्ट ने आइवरी-न्यूड शिआपरेली ड्रेस में कान की रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल डिजाइन गाउन में आलिया बेहद खूबसूरत नजर आई। कान में अपने डेब्यू के लिए आलिया ने इटैलियन डिजाइनर एल्सा शिआपरेली के डिजाइन किए गए गाउन को पहना।

## हॉलीवुड मसाला



# प्राइवेट जेट में जला दी सिगरेट

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स अक्सर चर्चा में रहती हैं। स्टारडम, नशे और उत्पीड़न को लेकर सुर्खियों में रहीं सिंगर इस बार प्राइवेट जेट में शराब और सिगरेट पीने के कारण विवादों में घिर गई हैं। हंगामा होने के बाद ऑफिसर्स ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, 'ब्रिटनी अपने सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ कैबो सैन लुकास, मेक्सिको से लॉक्स जा रही थीं, तभी उन्होंने शराब पीना शुरू कर दिया। फिर उन्होंने सिगरेट निकाली, उसे जलाया और स्मोक करना शुरू कर दिया।



# हैरी पॉटर के विक्टर क्रुम की हुई इमरजेंसी सर्जरी

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' फ्रेंचाइजी में 'क्विडिच' चैंपियन विक्टर क्रुम का किरदार निभाने वाले एक्टर स्टानिस्लाव नेवस्की से जुड़ एक खबर सामने आ रही है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां सांस लेने में तकलीफ के कारण उनकी सर्जरी हुई। एक्टर ने अपने बर्थडे पर इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए ये खबर अपने फैंस को दी। अपने पोस्ट में आगे एक्टर ने खुलासा किया कि ये फोटो उनके सर्जिकल रूम से बाहर आने के ठीक बाद ली गई थी। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे जन्मदिन के तुरंत बाद मुझे सांस लेने में दिक्कत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुझे सर्जरी के लिए ले जाया गया और सर्जरी रूम से बाहर आने के ठीक बाद यह फोटो ली गई। हमेशा की तरह और जो लोग मुझे करीब से जानते हैं।



# शैतान की दुनिया से कुछ नया लेकर आईं

**मुंबई।** काजोल ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें अपनी नई फिल्म का टीजर शेयर किया है। इस टीजर पर लिखा है, 'शैतान की दुनिया से'। काजोल की फिल्म 'मां' 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू और बांग्ला भाषा में भी यह फिल्म रिलीज होगी। फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता जैसे कलाकार भी हैं। यह एक हॉरर, सुपरनेचुरल ड्रामा फिल्म है। इसमें काजोल लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म को अजय देवगन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 'मां' के डायरेक्टर विशाल फुरिया हैं। विशाल हॉरर जॉनर की फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं, हाल ही में उनकी एक हॉरर फिल्म 'छोरी 2' रिलीज हुई। पिछले दिनों अपनी फिल्म 'मां' की रिलीज से पहले काजोल को कोलकाता के दिव्य दक्षिणेश्वर काली मंदिर में देखा गया।



# हर लड़की को शादी के लिए कह रहा था

**नई दिल्ली।** जहां गौहर खान 'बिग बॉस 7' की विनर रही थीं, वहीं साजिद खान इसके 16वें सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आए थे। पर कभी दोनों रिलेशनशिप में थे। कभी गौहर खान और साजिद खान की सगाई हुई थी, और शादी होने वाली थी। पर बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। साजिद खान ने बताया था कि वह और गौहर खान एक साल तक रिलेशनशिप में रहे। उन दोनों की सगाई भी हुई थी, जिसे मीडिया ने कवर किया था। साजिद ने ब्रेकअप के लिए अपनी गलतियों को जिम्मेदार ठहराया था। 'मेरा कैरेक्टर बहुत ढीला था। मैं बहुत लड़कियों के साथ बाहर घूम रहा था, उन्हें झूठ बोल रहा था। कभी कुछ ऐसी बदतमीजी नहीं की, लेकिन हर लड़की को 'आई लव यू' और 'विल यू मैरी मी?' बोलता था। अब तक मेरी कोई 350 शादी होनी चाहिए थी, लेकिन नहीं हुई।

## टीवी मसाला



# 'नॉयनतारा' सीरियल में दिखेगी भूत-प्रेतों की कहानी

**नई दिल्ली।** जल्द ही एक सीरियल 'नॉयनतारा' में एक लड़की की कहानी दिखाई जाएगी, वह शादी करके नए घर में आती है तो उसका सामना एक नहीं, कई भूतों, आत्माओं से होता है। उसके ससुराल का भूतों से क्या नाता है? इसी उलझन को नॉयनतारा सुलझ जाएगी। इस सीरियल में लीड रोल में श्रुति बिष्ट, अर्जुन चक्रवर्ती और नारायणी शास्त्री हैं। इससे पहले भी कई हॉरर सीरियलों ने दर्शकों को डराया है। सीरियल 'जादू तेरी नजर-डायन का मौसम' भी एक सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इस सीरियल में डायन की कहानी को दिखाया गया है। सीरियल में खुशी दुबे, जियान खान, अदिति शर्मा और अंतरा बिस्वास (मोनालिसा) जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आए। यह सीरियल कई बार टीआरपी लिस्ट में भी शामिल होता है। सीरियल 'नजर' भी एक हॉरर, सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इसके दो सीजन आ चुके हैं। पहला सीजन 2018 में दर्शकों को देखने को मिला था। पहले सीजन में मोनालिसा, नियति फतनानी और हर्ष राजपूत लीड रोल में थे। इस सीरियल में डायन के रोल में मोनालिसा नजर आईं। दूसरा सीजन 2020 में प्रीमियर हुआ, इसमें मोनालिसा और श्रुति शर्मा लीड रोल में दिखीं। यह सीरियल हॉरर फैंटेसी के साथ रोमांटिक ड्रामा भी था। पिछले साल यह सीरियल दर्शकों को देखने को मिला। इसके पहले सीजन में नकिया हाजी, विभव रॉय ने लीड रोल निभाए। दूसरे सीजन में सुमित सिंह और रेयांश वीर चड्ढा ने लीड रोल निभाए थे। इसकी कहानी में एक परिवार के छिपे हुए डरावने राज सीरियल की लीड एक्ट्रेस के सामने आते हैं। 'कयामत की रात' साल 2018 का एक हिट सुपरनेचुरल, हॉरर ड्रामा सीरियल था। इसमें लीड रोल में करिश्मा तन्ना, निर्भय वाधवा और विवेक दहिया नजर आए। सीरियल में मधुरिमा तुली भी अहम किरदार निभाती दिखीं। इस सीरियल में प्यार, पुनर्जन्म की कहानी के साथ भूत वाला एंगल भी शामिल था। साल 2022 में एक सीरियल 'पिश्चानी' भी दर्शकों को देखने को मिला। इस सीरियल में नायरा बैनर्जी, जिया शंकर और हर्ष राजपूत लीड रोल निभाते दिखे। सीरियल की कहानी एक लड़की रानी है, जो असल में एक पिश्चानी है। वह एक परिवार से बदला लेना चाहती है। इसी कहानी के साथ सीरियल आगे बढ़ता है और दर्शकों को डराने में कामयाब रहता है।

# भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं 'बिब्बो'

**नई दिल्ली।** बिब्बो, जिनका असली नाम इशरत सुल्ताना था, भारतीय और पाकिस्तानी सिनेमा की एक मशहूर एक्ट्रेस, सिंगर और म्यूजिक कंपोजर थीं। बिब्बो का जन्म 1906 में हुआ था। बिब्बो 1930 और 1940 के दशक की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी से दर्शकों का दिल जीता।

**सिनेमा में शानदार सफर:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिब्बो ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1933 में अजंता सिनेटोन लिमिटेड के साथ की। उन्होंने एम.डी. भवानी और ए.पी. कपूर जैसे निर्देशकों के साथ काम किया। 1930 के दशक में वह देविका रानी, दुर्गा खोटे और सुलोचना जैसी अभिनेत्रियों के साथ टॉप की लीडिंग लेडी थीं। उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि 1939 में आई फिल्म 'गरीब के लाल' के एक गाने में उनका नाम शामिल किया गया, जिसमें लिरिक्स थे- 'तुझे बिब्बो कहूं के सुलोचना।' वह भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं।

**बेहतरीन एक्ट्रेस और शानदार सिंगर :** बिब्बो ने 1931 से 1947 तक भारतीय सिनेमा में कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'मायामच्छिंद्र', 'वासुदेव', और 'सीता' शामिल हैं। वह न सिर्फ एक्टिंग बल्कि गायकी



और म्यूजिक कंपोजिंग में भी माहिर थीं। उनकी मधुर आवाज और अभिनय ने उन्हें उस दौर की सबसे खास कलाकार बनाया। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद बिब्बो पाकिस्तान चली गईं। वहां भी उन्होंने कुछ फिल्मों में काम किया, लेकिन उनका भारतीय सिनेमा जैसा जादू दोबारा नहीं चला। फिर भी, वह दोनों देशों के सिनेमा में अपनी छाप छोड़ गईं।

**बिब्बो का योगदान :** बिब्बो अपनी निजी जिंदगी को सुर्खियों से दूर रखती थीं। उनकी सादगी और काम के प्रति समर्पण ने उन्हें हमेशा सम्मान दिलाया। बिब्बो उस समय की उन गिनी-चुनी अभिनेत्रियों में से थीं, जिन्होंने सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उस दौर में एक्टिंग को महिलाओं के लिए अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बिब्बो ने अपने टैलेंट से इस सोच को चुनौती दी।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल से खाली हाथ लौटा भारत, होमबाउंड ने किया निराश

**पेरिस।** फ्रांस में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जो 13 मई से लेकर 24 मई तक चला। इस समारोह में देश-दुनिया के दिग्गज कलाकारों ने भाग लिया और अपना जलवा बिखेरा। इतना ही नहीं, कान्स फिल्म फेस्टिवल में उल्लेखनीय फिल्में और ऐतिहासिक उपलब्धियां भी प्रदर्शित की गईं, जिसमें कई फिल्मों और कलाकारों ने अवॉर्ड जीता। भारतीय निर्देशक नीरज घेवन की 'होमबाउंड' को कान्स में काफी सराहना मिली थी, इस कारण दर्शकों को इससे काफी उम्मीद थी।

***अवॉर्ड के मामले में भारत पीछे :*** कान फिल्म फेस्टिवल में भारत की ओर से नीरज घेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग के दौरान उसे स्टैंडिंग अवेशन मिला था और लगभग नौ मिनट तक लगातार हॉल में तालियां बजी थी। ईशान खट्टर, विशाल जेठिया और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म अवॉर्ड पाने की होड़ में आगे दिख रही थी, लेकिन फिल्म अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में ही पिछड़ गई और इसे खाली हाथ लौटना पड़ा। इसके अलावा बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' से भी भारत को उम्मीदें थीं, लेकिन इसे भी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। इस बार पुरस्कार के मामले में भारत कान्स में सबसे पीछे रहा।




| अवॉर्ड का नाम | विजेता का नाम |
|---|---|
| पाम डी'ओर | जाफर पनाही |
| ग्रैंड प्रिक्स | जोआचिम ट्रायर |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | क्लेबर मेंडोंका फिल्हो |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | वैगनर मौरा |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | नादिया मेलिटि |
| जूरी पुरस्कार | ओलिवियर लैक्स और माशा शिलिंस्की |
| सर्वश्रेष्ठ पटकथा | जीन-पियरे और ल्यूक डार्डेन |
| कैमरा डी'ओर | हसन हादी |
| अन सर्टेन रिगार्ड | हैरिस डिकिंसन |
| ग्रैंड प्राइज | रत्चापूम बूनबंचचोक |

### इराक ने जीता पहला पुरस्कार

78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इराक के लिए काफी खास रहा, क्योंकि उसने अपना पहला पुरस्कार हासिल किया। हसन हादी को उनकी फिल्म 'प्रेसिडेंट्स केक' को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म के लिए कैमरा डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड की घोषणा होते ही, वहां मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर जश्न मनाया। इसके अलावा ईरान के फिल्म निर्माता जफर पनाही को 'इट वॉज जस्ट एन एक्सीडेंट' के लिए पाम डी'ओर पुरस्कार मिला।

## जिंदगी में सब कुछ मिला, पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी होने नहीं दिया

# असल जिंदगी में हीरो थे सुनील दत्त, प्लेन क्रैश में टूटी टांग, पर पहले बचाई दूसरों की जान

*नई दिल्ली। सुनील दत्त वो 'हीरो' थे, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे। वो रियल लाइफ हीरो थे अपनी बीवी नरगिस के लिए, अपने बेटे संजय दत्त के लिए और अपनी जनता के लिए, जिनसे उन्हें बहुत लगाव था। उन्हें जिंदगी में सब कुछ मिला, नाम , पैसा, शोहरत और रुतबा... पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी नहीं होने दिया और सबसे नरम दिल एक्टर कहलाए। मेरे नाम पर कोई मूर्ति या सड़क नहीं होनी चाहिए, मेरे चेहरे वाला कोई डाक टिकट या मेरे नाम पर कोई संगठन नहीं होना चाहिए। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे मेरे काम के लिए याद रखें... ये शब्द थे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से सबसे नरम दिल कहे जाने वाले एक्टर सुनील दत्त के। जिन्होंने अपनी जिंदगी परिवार, सिनेमा और आम जनता के नाम कर दी। आप शायद ही जानते होंगे कि एक बार लोगों की जान बचाते-बचाते वो खुद अपनी जान गंवाने वाले थे। आइये आज 'संडे सिनेमा' में उस 'हीरो' के बारे में जानते हैं, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे।*



### 5 साल की उम्र में पिता की मौत, मुस्लिम ने बचाई जान

सुनील दत्त का असली नाम बलराज रघुनाथ दत्त था। इनका जन्म 6 जून 1929 को खुर्द, पंजाब (अब पाकिस्तान में है) में पंजाबी हिंदू फैमिली में हुआ था। उनकी मां का नाम कुलवंती देवी दत्त था। सुनील जमींदारों के परिवार से थे। उनके एक छोटे भाई सोम दत्त और छोटी बहन राज रानी बाली हैं। सुनील के पिता की मौत तब हुई, जब वो 5 साल के थे। सुनील जब 18 साल के हुए, तब भारत का विभाजन हुआ और पूरे देश में हिंदू-मुस्लिम हिंसा भड़क गई थी। सुनील के पिता के एक मुस्लिम दोस्त याकूब ने उनके पूरे परिवार की जान बचाई थी और और उन्हें भारत भेजने में मदद की थी। परिवार यमुना नदी के तट पर पूर्वी पंजाब (अब हरियाणा में) के यमुनानगर जिले में स्थित छोटे से गांव मंडौली में बस गया।

***पढ़ाई-लिखाई :*** सुनील दत्त कॉलेज जाने से पहले कुछ समय के लिए अपनी मां के साथ लखनऊ के अमीनाबाद बाजार मोहल्ले में रहने लगे। फिर वे बॉम्बे (अब मुंबई) शिफ्ट हो गए। वहां उन्होंने जय हिंद कॉलेज से पढ़ाई की और बेस्ट ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग डिवीजन में नौकरी की। उन्होंने 1954 में इतिहास (ऑनर्स) में आर्ट्स में ग्रेजुएशन किया था।

### 'मदर इंडिया' फिल्म ने बदल दी थी तकदीर

सुनील को बीआर चोपड़ा की 'एक ही रास्ता' (1956) और महबूब खान की 'मदर इंडिया' (1957) से स्टारडम मिला था। 'मदर इंडिया' 50 के दशक की सबसे सफल फिल्म होने के साथ-साथ ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर बन गई थी। न्यूकमर होने के बावजूद सुनील ने विलेन के रोल को स्वीकार किया और इस फिल्म ने उन्हें 'बॉलीवुड का पहला खलनायक' बना दिया। इस मूवी को कई यूरोपी भाषाओं में डब किया गया, जैसे- स्पेनिश, फ्रेंच और रूसी। ग्रीस, स्पेन और रूस में फिल्म सक्सेसफुल रही। रिलीज होने के कम से कम 10 साल बाद भी इसे अल्जीरिया जैसे देशों में दिखाया जाता रहा। इसने कई अवॉर्ड अपने नाम किए।

### कर्ज में डूब गए, नहीं किया समझौता



इस तरह से सुनील का एक्टिंग का सफर आगे बढ़ता रहा। 60 के दशक में वो करियर के पीक पर थे। उन्होंने 'पड़ोसन' में कॉमिक रोल करके अपने फैंस को चौंका दिया था। 1969 में राजेश खन्ना के सुपरस्टार बनने के बाद सुनील के करियर का ग्राफ लुढ़कने लगा था। उन्होंने एक्टिंग के अलावा डायरेक्शन में हाथ आजमाया। पर उनकी 'रेशमा और शेरा' बुरी तरह फ्लॉप हुई। तब सुनील 60 लाख रुपये के कर्ज में डूब गए थे। उन्हें अपनी कार बेचनी पड़ी।

### ऐसे इंडस्ट्री में आए थे बलराज दत्त, बन गए सुनील दत्त

*डायरेक्टर रमेश सहगल ने सुनील दत्त को फिल्म इंडस्ट्री में लाने में अहम भूमिका निभाई, जो उस समय रेडियो शो 'लिप्टन की महफिल' होस्ट करते थे। रमेश की सुनील से मुलाकात साल 1953 में हुई थी, जब सुनील 'शिकस्त' फिल्म की रिपोर्टिंग कर रहे थे। सुनील की आवाज और पर्सनैलिटी से प्रभावित होकर रमेश ने उन्हें अपकमिंग प्रोजेक्ट का ऑफर दिया। दिलचस्प बात ये है कि सुनील ने वो ऑफर ठुकरा दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी मां से वादा किया था कि वो पहले अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे, लेकिन फिर उनका मन बदल गया और वे रमेश की फिल्म में एक्टिंग करने चले गए। चूंकि उस समय इंडस्ट्री में बलराज साहनी जाने-माने एक्टर थे, इसलिए रमेश ने उन्हें सुझाव दिया कि उन्हें एक नया स्क्रीन नाम अपनाना चाहिए और फिर उनका नाम 'सुनील दत्त' रखा।*